## एक नजर

### गर्मी: मतगणना स्थल पर एंबुलेंस के साथ मुस्तैद रहेंगी स्वास्थ्य टीमें

**बरेली, अमृत विचार :** चार जून को परसाखेड़ा स्थित मतगणना स्थल पर स्वास्थ्य टीम की दो टीमें दो एबुलेंस के साथ 24 घंटे मुस्तैद रहेंगी, अगर किसी मतगणना कर्मी की तबीयत बिगड़ी है तो उसे तुरंत उपचार मुहैया कराया जाएगा। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सीएमओ ने टीमों का गठन कर दिया है। कुछ दिन पहले दूसरे जिलों में चुनाव के दौरान कई मतदान कर्मियों की हीट स्ट्रोक के चलते हालत बिगड़ गई थी। कुछ की मौत भी हो गई थी। इसको ध्यान में रखकर मतगणना स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। विभागीय अफसरों के अनुसार मतगणना स्थल पर दो टीमों की 12-12 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है।

### शहर के प्रभावित इलाकों में नहीं शुरू हो पाई पानी की आपूर्ति

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के अधिकारी आश्वासन देने के बाद भी रविवार को भी शहर के प्रभावित इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं शुरू करा पाए। शहर के सूफी टोला, जाटवपुरा, कटीकुइयां और खुर्रम गौंटियां समेत कई इलाकों की महिलाओं ने शनिवार को नगर निगम प्रदर्शन किया था। महिलाओं का आरोप था कि भीषण गर्मी में महीने-महीने भर से उनके इलाके में पानी नहीं आ रहा है जिसकी वजह से उनकी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। नगर निगम के जलकल विभाग के अफसरों ने महिलाओं को जल्द ही पानी की आपूर्ति चालू कराने का आश्वासन देकर लौटाया था लेकिन यह आश्वासन एक बार फिर हवाई साबित हुआ। सूफी टोला और खुर्रम गौंटिया की महिलाओं ने बताया कि उनके इलाके में न पानी आया, न ही नगर निगम से कोई यह देखने आया कि दिक्कत क्या है।

# बुजुर्गों पर टूटा गर्मी का कहर... श्मशानों पर लगीं कतारें

## मई के आखिरी सप्ताह में सामान्य से तीन गुना तक ज्यादा हुईं अंत्येष्टियां, लोगों को कोरोना का भयावह दौर फिर आया याद

शिवांग पांडेय, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी ने इस बार कई बरसों का रिकॉर्ड तोड़ा तो श्मशान घाटों पर भी शवयात्राओं की इस कदर कतारें लगीं कि लोगों को कोरोना का दौर याद आ गया। मई के आखिरी सप्ताह में जब सूरज का ताप चरम पर था, तब मरने वालों की तादाद सामान्य से लगभग तीन गुना तक जा पहुंची। गर्मी का सबसे ज्यादा कहर बुजुर्गों पर टूटा, लेकिन मेहनत मजदूरी करने वाले लोग भी अच्छी-खासी संख्या में इसके शिकार हुए। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के कागज भले ही साफ हों लेकिन पूरे जिले में गर्मी से सैकड़ों मौतें होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

शहर में सबसे ज्यादा अंत्येष्टि सिटी श्मशान घाट पर होती हैं। यहां का प्रबंधन संभालने वाले पंडित त्रिलोकीनाथ शर्मा के मुताबिक सामान्य स्थिति में रोज यहां 7-8 शव अंत्येष्टि के लिए आते हैं लेकिन मई के आखिरी चार दिनों में कई दिन यह औसत 20 से 28 शवों की अंत्येष्टि तक पहुंच गया। 31 मई को जब तापमान 45 डिग्री पार निकल गया, उस दिन यहां सर्वाधिक 28 शवों का अंतिम संस्कार हुआ। इसी तरह संजयनगर श्मशान भूमि में अंत्येष्टियों का रोज का औसत 3-4 रहता है जो इसी अवधि में 10 से 12 तक पहुंच गया।

श्मशान भूमि कर्मचारी नारायण ने बताया कि रविवार दोपहर तीन बजे तक सात शवों की अंत्येष्टि हो चुकी है। शाम 5 बजे तक यह संख्या 10 से 12 तक पहुंच सकती है। सिटी और संजयनगर श्मशान भूमि के रिकॉर्ड के मुताबिक दोनों श्मशान घाटों पर मई के आखिरी सप्ताह में 180 से ज्यादा अंत्येष्टि हुईं। इनमें शुक्रवार और शनिवार दोनों दिन 36-36 अंत्येष्टि हुईं। रविवार को भी शाम 4 बजे तक 30 का आंकड़ा पार हो चुका था। चार दिनों का यह आंकड़ा सामान्य की तुलना में तीन से चार गुना है। मई के पूरे महीने में दोनों श्मशान भूमि पर कुल मिलाकर करीब पांच सौ लोगों की अंत्येष्टि हुई है। अगर मुस्लिम और ईसाइयों के कब्रिस्तान के भी आंकड़े जोड़ लिए जाएं तो मई की गर्मी में मरने वालों का आंकड़ा भयावह हो सकता है। इन दिनों में शव ढोने वाले वाहन भी काफी व्यस्त रहे।

शहर के गुलाबबाड़ी श्मशानघाट पर सबसे कम अंतिम संस्कार होते हैं लेकिन सिटी और संजयनगर श्मशान घाट में लोगों को इंतजार करना पड़ा तो उन्होंने यहां भी काफी अंतिम संस्कार किए। हालांकि इस श्मशानघाट पर यह ब्योरा नहीं मिल पाया कि मई के आखिरी सप्ताह में यहां कुल कितने अंतिम संस्कार किए गए।


रविवार दोपहर सिटी श्मशान भूमि पर कई शवयात्राएं एक साथ पहुंची तो यहां भीड़भाड़ सा माहौल दिखाई दिया। ● अमृत विचार

### तापमान चरम पर पहुंचा तो 31 मई और 1 जून को शहर में हुईं सर्वाधिक मौतें

### 70 पार के ज्यादातर लोग, परिजनों ने बताए मृत्यु के हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और गर्मी से चक्कर आने जैसे कारण

सिटी श्मशान भूमि के पंडित त्रिलोकी नाथ शर्मा ने बताया कि 31 मई को यहां जब सर्वाधिक 28 अंत्येष्टि हुई तो सुबह से शाम तक शव लेकर आने वालों की ऐसी लाइन लगी कि कोरोना की दूसरी लहर का खौफनाक मंजर याद आने लगा। उन्होंने बताया कि मई के महीने में 297 शवों की अंत्येष्टि हुई है जबकि आमतौर पर यह औसत 180 के पार नहीं जाता। गर्मियों में शवों की संख्या बढ़ती जरूर है लेकिन पहली बार तीन गुना तक पहुंच गई। पिछले एक सप्ताह में ही यहां 131 शवों की अंत्येष्टि की गई है। संजयनगर श्मशान भूमि के कर्मचारी नारायण पटेल ने बताया कि मृतकों में अधिकांश 70 साल से ज्यादा लोग हैं। इनकी संख्या 60 से 70 प्रतिशत हो सकती है। परिजनों ने उनकी मौत की वजह हार्टअटैक, गर्मी से चक्कर आना, हाई ब्लड प्रेशर से ब्रेन स्ट्रोक को बताया है। बाकी मृतकों में 30 से 50 की उम्र के लोग थे।

### अंत्येष्टि करने के लिए करना पड़ रहा है घंटों इंतजार

सिटी श्मशान भूमि पर लगातार ज्यादा संख्या में शव आने के कारण लोगों को अंत्येष्टि के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। रविवार शाम 4 बजे अमृत विचार की टीम यहां पहुंची तो कुछ ही देर में एक-एक कर पांच शव यहां अंत्येष्टि के लिए लाए गए। दो शव यात्राएं सिटी श्मशान भूमि रेलवे क्रॉसिंग बंद होने की वजह से रुकी हुई थीं। शव वाहन को धूप में खड़ा कर यात्रा में शामिल लोग क्रॉसिंग खुलने का इंतजार कर रहे थे।


सिटी श्मशान रेलवे क्रॉसिंग पर रुकी शवयात्रा।

### ऐसे गुजरा ये सप्ताह

| तिथि | सिटी | संजयनगर |
|---|---|---|
| 26 मई | 07 | 03 |
| 27 मई | 20 | 06 |
| 28 मई | 15 | 08 |
| 29 मई | 10 | 10 |
| 30 मई | 20 | 09 |
| 31 मई | 28 | 08 |
| 01 जून | 24 | 12 |

### गर्मी में उखड़ने लगते हैं उम्रदराज लोगों के पुराने रोग

मई के आखिरी चार दिनों में जिले का अधिकतम मान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। फिजिशियन डॉ. राहुल वाजपेयी के अनुसार ज्यादा गर्मी में उम्रदराज लोगों के पुराने रोग जानलेवा हो जाते है। लू चलने से सर्वाधिक लोग बेहोशी, चक्कर, घबराहट, हाई ब्लडप्रेशर, उल्टी, दस्त, कमजोरी जैसे लक्षणों के शिकार होने लगते हैं। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है। डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कैंसर लिवर के पुराने रोग उखड़ जाते है। गर्मी के इसी दुष्प्रभाव से लोगो की जान चली जाती है।



### चबूतरे खाली नहीं, जमीन पर अंत्येष्टि

सिटी और संजयनगर दोनों श्मशान भूमि पर सामान्य से तीन गुना शव पहुंचने की वजह से जगह कम पड़ गई। सिटी श्मशान भूमि पर चिताएं जलाने के लिए कुल 35 चबूतरे हैं। प्रबंधन के अनुसार एक चबूतरे पर अंत्येष्टि के बाद चिता को शांत होने के 24 घंटे या उससे भी ज्यादा समय लगता है। 30 मई से 1 जून तक भयावह स्थिति रही। इन तीन दिनों में 46 शवों का अंतिम संस्कार किया गया। सभी 35 चबूतरों शवों के दहन के कारण जगह न मिली तो कई लोगों को जमीन पर ही चिता सजाकर मृतकों का अंतिम संस्कार करना पड़ा।

पंजाबी महासभा के शव वाहन लगातार मृतकों के परिवारों का सहयोग कर रहे है। मई में 114 शवों को श्मशान भूमि पहुंचाया गया है। चार दिनों में 25 शव पहुंचाए हैं। - **संजय आनंद**, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष



### और गिरा पारा, अब तीन दिन राहत की सांस लीजिए



**बरेली, अमृत विचार :** रविवार को पारा थोड़ा और गिरने के बाद सप्ताह भर बाद लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अगले तीन दिन बूंदाबांदी होने के आसार हैं जिससे गर्मी से कुछ और राहत मिल सकती है।

मौसम विज्ञानियों ने रेमल के प्रभाव से जिले में बादलों के छाए रहने के साथ बूंदाबांदी के आसार थे, लेकिन बारिश नहीं हुई। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य 1.2 डिग्री ज्यादा 40.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 3.1 डिग्री ज्यादा 29.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह 55 प्रतिशत आर्द्रता रहने से उमस का एहसास हुआ लेकिन शाम आद्रता भी घटकर 32 प्रतिशत पर आ गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले तीन दिन बूंदाबांदी के आसार हैं जो गर्मी से कुछ और राहत देंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान में तो कमी आएगी लेकिन न्यूनतम तापमान बढ़ सकता है। पूर्वानुमान है कि तीन दिनों औसतन अधिकतम तापमान 38 से 39 और न्यूनतम 28 से 29 डिग्री सेल्सियस रहेगा। छह जून के बाद अधिकतम तापमान एक बार फिर 41 से 42 और न्यूनतम 30 डिग्री तक पहुंच जाएगा।


बीआई बाजार में पाइप लाइन फटने के बाद सड़क पर पानी भर गया।

### बीआई बाजार में फटी पाइप लाइन सड़क पर तालाब, घरों में संकट

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट के बीई बाजार चौराहे पर गांधी चौक के पास शनिवार रात पाइप लाइन फटने से इतना पानी बहा कि सड़क पर तालाब का नजारा दिखाई देने लगा। रविवार को भी पाइप लाइन को दुरुस्त नहीं किया जा सका जिस वजह से तमाम परिवारों को पूरे दिन पानी का संकट झेलना पड़ा। करीब 20 घंटे बाद भी कैंट बोर्ड की ओर से पाइप लाइन दुरुस्त न करा पाने पर लोगों में गुस्से का माहौल है। उनका कहना है कि भीषण गर्मी में पानी किल्लत की वजह से उन्हें पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है। कैंट बोर्ड अगर समय से पाइप लाइन ठीक करा देता तो यह संकट न पैदा होता। उधर, देर रात तक कैंट बोर्ड के कर्मचारी पाइप लाइन की मरम्मत करने में जुटे रहे। कैंट बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि देर रात तक पानी की आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।


पाइप लाइन की मरम्मत के लिए रात में खुदाई करते कर्मचारी।

## मतगणना के लिए आज शाम से लागू होगा रूट डायवर्जन

● मतगणना संपन्न होने तक रहेगा डायवर्जन
एसपी ट्रैफिक ने जारी किया आदेश

**बरेली, अमत विचार :** चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर शहर में सोमवार शाम से मतगणना संपन्न होने तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। इस संबंध में एसपी ट्रैफिक शिवराज ने आदेश जारी किए हैं। परसाखेड़ा में मतगणना की व्यवस्था की गई है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार शहर से रामपुर-दिल्ली को जाने वाले वाहन मिनी बाईपास से झुमका चौराहे से जाने के बजाय महादेव पुल, शहामतगंज पुल, विलयधाम, विलवा होते हुए जाएंगे। दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर की ओर से शहर में आने वाले वाहन झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास होते हुए विलवा पुल, विलयधाम और बैरियर-2 से प्रवेश करेंगे। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार से झुमका चौराहे से, टियूलिया अंडरपास से, मथुरापुर चौराहे से मतगणना कार्य के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के वाहनों और व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अतिआवश्यक सेवाओं वाले वाहन का प्रवेश मिनी बाईपास मथुरापुर चौराहे से होगा। शहर के अन्य मार्गों पर यातायात यथावत रहेगा। मिनी बाईपास और झुमका चौराहे के मध्य मतगणना के अतिरिक्त अन्य कार्यों से आने से बचें और वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

## ट्रेनों में एसी हो रहे खराब यात्री गर्मी में हो रहे परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में सफर के दौरान ट्रेनों के एसी खराब होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। परेशान यात्री रेलवे अफसरों से शिकायत कर रहे हैं। रविवार को 14321 आला हजरत एक्सप्रेस मुरादाबाद से निकली तो एसी की कूलिंग कम हो गई।

कई यात्रियों ने एक्स के मध्यम से रेल अफसरों से शिकायत की। अगली स्टेशन पर ट्रेन के रुकने पर मैकेनिकल स्टॉफ ने समस्या को दूर किया। वहीं लक्ष्मीनगर एक्सप्रेस में एक कोच का एसी बंद था। इस संबंध में भी रेलवे को सूचना दी गई। गर्मी के कारण कोच के वाटर टैंक जल्द खाली हो रहे हैं। इस वजह से भी यात्रियों को दिक्कत हो रही है।

### कई ट्रेनों में वेटिंग 200 तक पहुंची

ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। बरेली होकर गुजरने वाली 04310, देहरादून- गोरखपुर विशेष ट्रेन, गुवाटी-जम्मूतवी, सहरसा अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस, सहरसा-नई दिल्ली विशेष ट्रेन, सिटी-लाल कुआं विशेष ट्रेन आदि में कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। इनमें से कुछ ट्रेनों में वेटिंग 200 तक पहुंच गई है।

## मई में रोडवेज की एसी बसों में 20 हजार यात्री बढ़े

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में एसी बसों में यात्रियों की संख्या में इजाफा हो रहा है, जबकि साधारण बसों में यात्री घट रहे हैं।

रोडवेज के बरेली रीजन में दिल्ली, लखनऊ, कानपुर और आगरा रूट के साथ हरिद्वार के लिए सेटेलाइट अड्डे से एसी बसों को चलाया जाता है। गर्मी में यात्री एसी बसों का सफर करना पसंद कर रहे हैं। रुहेलखंड, बरेली और पीलीभीत डिपो की एसी बसों से फरवरी में 60 हजार लोगों ने सफर किया था। मई में यह आंकड़ा 80 हजार पहुंच गया। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि एसी बसों में यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्कशाप में भी एसी बसों को समय से रूट पर भेजा जा रहा है।

## कॉमर्शियल वाहनों पर लागू हुई टोल टैक्स की बढ़ी दरें


कॉमर्शियल वाहनों पर बढ़ा टोल टैक्स शनिवार रात से लागू हो गया।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● पांच से 25 रुपये तक बढ़ा टोल टैक्स
सामान्य महंगाई पर पड़ सकता है असर

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे से गुजरने वाले कॉमर्शियल वाहनों के लिए बढ़ी हुई टोल की दरें शनिवार रात 12 बजे लागू हो गई हैं। पांच से 25 रुपये तक टोल टैक्स बढ़ने का असर सामान्य महंगाई पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

एनएचएआई ने पहली अप्रैल से ही टोल टैक्स बढ़ाने का निर्णय लिया था, मगर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसे टाल दिया गया था। पहली जून सातवें चरण का चुनाव होते ही बढ़ी हुई दरें लागू कर दी गईं। जिले में बरेली-सीतापुर नेशनल हाईवे पर फरीदपुर, पीलीभीत रोड पर रिठौरा लभेड़ा, रामपुर मार्ग पर फतेहगंज पश्चिमी टोल प्लाजा पड़ते हैं। एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक फरीदपुर टोल प्लाजा से रोज 12 से 15 हजार, लभेड़ा से 8 से 10 हजार और फतेहगंज पश्चिमी से 10 से 12 हजार वाहन गुजरते हैं। इनमें 50 से 60 फीसदी कॉमर्शियल ही होते हैं। एनएचएआई को टोल टैक्स बढ़ने से जिले में ही रोज लाखों का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

### मासिक पास बनवाने वालों को भी झटका

टोल की दरों को बढ़ाने के साथ मासिक पास बनवाने वाले वाहन स्वामियों को भी महंगाई का झटका लगा है। टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले वाहनों के पास के लिए पहले 330 रुपये देने पड़ते थे, अब इसे बढ़ाकर 340 रुपये कर दिया गया है।

## फिर ठंडा पड़ा नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान फिर थम गया है। कई दिन पहले नगर निगम यह अभियान शुरू किया था लेकिन शनिवार को कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच जिन सड़कों और चौराहों से अतिक्रमण हटाया गया था, वहां भी दोबारा कब्जा हो गया। लोगों का कहना है कि निगम की टीम उन इलाकों में पहुंची ही नहीं, जहां अतिक्रमण की सबसे ज्यादा शिकायतें हैं।



















# सिस्टम की मार... बर्बादी की ओर शहर का होटल उद्योग

## कई होटल जल्द ही हो सकते हैं बंद, स्टेशन रोड और पीलीभीत बाईपास पर चल रहे दो बड़े होटलों ने भी शुरू की तैयारी

सुरेश पांडेय, बरेली

- चार होटल मालिक अपनी इमारत किराए पर देने के लिए कर रहे हैं जोड़तोड़
- बरेली में ठिकाना तलाश रहे नागपुर के दो कोचिंग संस्थानों चल रही बातचीत

**अमृत विचार :** अवैध होटलों पर सरकारी सिस्टम की मेहरबानी और बाकी पर नियमों के बोझ के साथ लगातार बढ़ते दबाव ने शहर में होटल उद्योग की कमर तोड़नी शुरू कर दी है। कई बड़े होटलों के मालिक इतने दबाव में आ गए हैं कि उन्होंने यह इंडस्ट्री ही छोड़ने का फैसला कर लिया है। स्टेशन रोड और पीलीभीत बाईपास पर चल रहे दो बड़े होटल भी इनमें शामिल हैं। चार और होटल कारोबारी हैं जो अपने होटलों की इमारतें किराए पर देने की फिराक में हैं। दो की नागपुर के एक नामचीन कोचिंग संस्थान से बातचीत भी चल रही है।

शहर में पांच से 50 कमरों तक के तीन सौ से ज्यादा होटल हैं। इनमें 50 से ज्यादा की गिनती शहर के प्रमुख होटलों में होती है। इन्हीं की बदौलत बरेली की गिनती भी होटल उद्योग की दृष्टि दिल्ली और लखनऊ के बीच प्रमुख शहरों में होती है लेकिन काफी समय से शहर के होटल कारोबारी शासन से लेकर स्थानीय प्रशासन स्तर की समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। होटल कारोबारियों का सबसे बड़ा मुद्दा शासन और स्थानीय प्रशासन के बीच वह विरोधाभास है जिसमें एक उसे उद्योग का दर्जा देता है और दूसरा इसे मानने को तैयार नहीं है। इस वजह से होटलों पर उद्योगों की तुलना में टैक्स की काफी ज्यादा मार पड़ती है। सरकारी विभागों की बदनीयती भरी नजर को भी वे अपनी सबसे बड़ी मुश्किल करार दे रहे हैं। लगातार समस्याएं बढ़ते जाने की वजह से शहर में छह होटल कारोबारियों के इस व्यवसाय से किनारा करने की बात सामने आई है। इनमें एक स्टेशन रोड का करीब 20 पुराना होटल है। पीलीभीत बाईपास पर भी एक होटल को बेचने की तैयारी है। चार होटल वालों ने कारोबार बंद कर इमारत को किराए पर देने की जोड़तोड़ शुरू कर दी है। इनमें से दो की नागपुर के एक नामी कोचिंग संस्थान से बात चल रही है।



### ऐसी भी मनमानी...

होटल कारोबारियों ने बताया कि अग्निशमन विभाग में तैनात एक पुराने अफसर कई होटलों को वर्ष 2025 तक के लिए एनओसी दे गए थे। अब कहा जा रहा है कि पुरानी एनओसी रद कर दी गई है, वे नई एनओसी लें। इसी मनमानी ने उनका हौसला तोड़ दिया है।

### सारी जबर्दस्ती वैध होटलों पर, गलियों में बने होटलों के लिए कोई नियम नहीं

होटल कारोबारियों का कहना है कि होटल चलाने के लिए वे बीडीए, नगर निगम, अग्निशमन, भूगर्भ जल विभाग, बिजली, पर्यावरण, जीएसटी समेत कई विभागों के नियमों का पालन करते हैं। उनसे सारे नियमों का हिसाब लेने वाले इन विभागों का छोटी जगहों और गलियों में बने होटलों, गेस्ट हाउसों पर कोई जोर नहीं चलता। इन होटलों ने रेट इतने कम करा दिए हैं कि बड़े होटल चल नहीं पा रहे हैं। चूंकि उनके खर्च बड़े होटलों जैसे नहीं है इसलिए उन्हें कोई चिंता नहीं है। तंग जगहों पर बने होटल सात सौ रुपये घंटे पर भी कमरा बुक कर लेते हैं। दिन में चार लोग भी आ जाते हैं तो उन्हें 25 सौ से तीन हजार रुपये तक की कमाई हो जाती है। बड़े होटलों में एक हजार से 12 सौ तक में भी कमरा बुक नहीं होता। मालगोदाम रोड, शहामतगंज, पीलीभीत बाईपास समेत तमाम कारोबारी इलाकों में तंग जगहों और गलियों में खुले होटलों की तरफ अग्निशमन विभाग कभी रुख नहीं करता, बीडीए कभी उनसे नक्शा नहीं मांगता।

### बोले- सुविधाएं मिलती नहीं, अजीबोगरीब नियमों ने कर रखा है परेशान

होटल कारोबारी कहते हैं कि यह व्यवसाय रोज-रोज लागू किए जा रहे नए और अजीबोगरीब नियमों से बुरी तरह जूझ रहा है। भूगर्भ विभाग कहता है पानी बचाओ, वर्ना बर्बादी पर दंड लगेगा। अग्निशमन विभाग की शर्त है कि हर होटल में पांच हजार लीटर पानी का टैंक रखा जाएगा। वे किस विभाग की मानें। हर विभाग होटलों से टैक्स लेता है लेकिन सुविधाओं के नाम पर उनके पास कुछ नहीं है। नौबत यहां तक आ गई है कि होटल कारोबारी महसूस करने लगे हैं कि जैसे उन्हें लूटा जा रहा है। होटल कारोबारी साफ कहते हैं कि इस इंडस्ट्री में अब बहुत गंदगी हो गई है। सरकारी मशीनरी इसे साफ करने के बजाय सही काम करने वालों पर और दबाव बना रही है। इस मनमानी से उनकी कमर टूटने लगी है। तमाम होटल कारोबारी यह इंडस्ट्री छोड़ने का मन बना रहे हैं।



सरकार ने होटल को उद्योग का दर्जा दिया है लेकिन अफसर इसे नहीं मानते। नगर निगम होटलों से पांच गुना प्रॉपर्टी शुल्क लेता है जो उद्योग के रूप में तीन गुना ही लिया जाना चाहिए। इंडस्ट्रियल रेट पर ही बिजली का बिल लेना चाहिए लेकिन लिया जाता है कामर्शियल रेट पर। पहले सरकार एक हजार या इससे ज्यादा रेट के कमरों से पांच प्रतिशत लग्जरी टैक्स लेती थी। अब 12 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान लिया जा रहा है। - **डॉ. अनुराग सक्सेना**, अध्यक्ष होटेलियर्स वेलफेयर एसोसिएशन



बरेली में नाथ नगरी सर्किट विकसित हो रहा है। अनुमान है कि पर्यटन बढ़ेगा तो लोगों को ठहरने के लिए होटलों की जरूरत होगी लेकिन होटल ही बंद हो जाएंगे तो असर पर्यटन पर पड़ना लाजमी है। होटल कारोबारियों को सिर्फ दोहन का जरिया नहीं समझना चाहिए। उन्हें रियायतें भी दी जानी चाहिए। - **शुजा खान**, सचिव होटेलियर्स वेलफेयर एसोसिएशन

## कॉलेज प्रबंधन पर आरोप, डीफार्मा की फर्जी मार्कशीट दे दी

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक डिग्री कॉलेज प्रबंधन पर डीफार्मा का कोर्स पूरा होने के बाद फर्जी मार्कशीट देने का आरोप लगा है। युवक ने नौकरी के लिए मार्कशीट दी तो मामले का खुलासा हुआ। कॉलेज में संपर्क किया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की है।

मीरगंज के गांव कुल्छा खुर्द के रहने वाले शनि ने बताया कि सीबीगंज के एक कालेज से 2022 में डीफार्मा किया था। करीब 2.30 हजार रुपये की रकम कॉलेज में जमा की। पेपर के दौरान उससे 60 हजार रुपये और जमा कराए गए। पेपर दिलवाने के बाद उसे पास होने की मार्कशीट दी गई।

परीक्षा के दो साल बीत जाने के बाद भी मार्कशीट ऑनलाइन नहीं चढ़ी। इसी दौरान युवक की नौकरी लग गई। जब उसके दस्तावेज का सत्यापन किया गया तो मार्कशीट फर्जी निकली। उसने कालेज से संपर्क किया तो रुपये लेने वाला क्लर्क टालमटोल करने लगा। थाना प्रभारी राधे श्याम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### एक नजर

## निजी अस्पतालों के पंजीकरण का नवीनीकरण न होने पर रुकेगा आयुष्मान का भुगतान

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में बड़ी संख्या में निजी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों का इलाज हो रहा है, जिसमें निशुल्क इलाज के बाद शासन स्तर से इन अस्पतालों को भुगतान किया जाता है, अगर अस्पतालों के संचालकों ने पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराया तो शासन की ओर से मरीजों के इलाज की धनराशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के अनुसार जिले में आयुष्मान योजना के तहत 240 अस्पताल सूचीबद्ध हैं, इनमें 180 निजी और 60 सरकारी अस्पताल हैं। इनमें कई संचालक ऐसे हैं, जिन्होंने ने इस वर्ष अस्पताल का पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराया है। इस संबंध में आईएमए को भी पत्र जारी कर दिया गया है। सभी संचालकों को समय पर अस्पतालों के पंजीकरण का नवीनीकरण कराने को कहा गया है।

## 10 साल की बच्ची पर सियार ने किया हमला अस्पताल में भर्ती

**बरेली, अमृत विचार :** घर से खेत पर जा रही 10 साल की बच्ची पर सियार ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिशारतगंज क्षेत्र के गांव डखोरा निवासी खेमकरन ने बताया कि शनिवार देर शाम उनकी भतीजी कामिनी गांव के अन्य बच्चों के साथ खेत की तरफ जा रही थी। रास्ते में सियार ने बच्ची पर हमला कर दिया। अन्य बच्चों ने भागकर कामिनी के परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिवार के लोग पहुंचे तो कामिनी खून से लथपथ बेहोश पड़ी थी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर देर रात डाक्टरों ने कामिनी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उसका इलाज चल रहा है। कुछ दिन पहले कस्बा फतेहगंज पूर्वी में जंगली सुअर ने महिला पर हमला कर दिया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। एंटी रैबीज सीरम महिला को लगाया गया था।



# तीसरा दिन भी बिजली के बिना गुजरा तो भड़का कुंवरपुर के लोगों का गुस्सा, हंगामा-प्रदर्शन के बाद पुलिस पहुंची

## ट्रांसफार्मर ओवरलोड बताकर कन्नी काट रहा था बिजली विभाग, भारी दिक्कत से जूझ रहे हैं इलाके के लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अपना काम करके चले गए बिजली वाले, दोनों इलाकों में देर रात नहीं आई बिजली
- ट्रांसफार्मर बदलने के बजाय दूसरी लाइन से सप्लाई देने तैयारी शुरू की तो गुस्सा बढ़ा

**अमृत विचार :** किला के मोहल्ला कुंवरपुर में तीन दिन से बिजली का संकट बना हुआ है। रविवार को यहां के लोगों का सब्र जवाब दे गया और उन्होंने सड़क पर इकट्ठए होकर बिजली विभाग के खिलाफ हंगामा और प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद बिजली विभाग की टीम पुलिस पहुंची खराब ट्रांसफार्मर को बदलने के बजाय कुंवरपुर तलैया के ट्रांसफार्मर से लाइन जोड़ने लगी। इस पर लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। इसी बीच पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत किया।

किला सबस्टेशन के कुंवरपुर में ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग ओवरलोड बता रहा है। लेकिन लोगों का कहना है कि तीन दिन से इलाके में बिल्कुल बिजली नहीं आई है।

वे लोग भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। रविवार को हंगामे के बाद विभाग की टीम पहुंची तो कुंवरपुर तलैया के ट्रांसफार्मर से ही कुंवरपुर की सप्लाई जोड़ने लगी। इस पर लोगों ने फिर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस पर टीम ने काम रोक दिया।

अधिशासी अभियंता द्वितीय सत्येन्द्र चौहान, एसडीओ भगवान दास और किला पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझाया। इसके बाद लाइन जोड़ने का काम शुरू हो सका। फिलहाल, देर रात तक क्षेत्र की आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी।

### डीएम ने दिया बिजली और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार का निर्देश

**बरेली :** जिले में बिजली और शहर में यातायात की समस्याओं को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने गंभीरता से लिया है। डीएम ने बिजली की अधिक समस्या वाले क्षेत्रों की मैपिंग कराकर मुख्य अभियंता मध्यांचल विद्युत वितरण निगम जोन प्रथम बरेली रणविजय सिंह को प्रभावी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंताओं के साथ बैठक कर समस्या के निस्तारण पर जोर दिया है। वहीं, शहर में जाम की समस्या को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक यातायात को निर्देश दिए हैं। कहा है कि समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाली ट्रैफिक से जुड़ी खबरों को वाट्सएप के माध्यम से उनके पास भेजी जा रही हैं। समस्या को जल्द दूर करने के लिए कहा है।



कुंवरपुर तलैया के ट्रांसफार्मर से किला क्षेत्र की लाइन जोड़ने का विरोध करते लोग। • अमृत विचार

### कई इलाकों में ट्रिपिंग और कटौती ने किया परेशान

सिविल लाइंस क्षेत्र में रविवार को पूरा दिन ट्रिपिंग की समस्या से लोग परेशान होते रहे। मोहल्ला नवाब साहब का अहाता में बिजली कटौती की गई। स्टेशन रोड पर भी ट्रिपिंग का क्रम जारी रहा। शाम के समय स्टेट बैंक कॉलोनी में बिजली कटौती की गई। वहीं, शनिवार रात वमनपुरी में बंच केबल जल गई। इससे कई घंटे आपूर्ति बाधित रही। रविवार सुबह फाल्ट ठीक कराकर बिजली बहाल की गई। सुभाषनगर के बदायूं रोड पर लोकल फाल्ट से परेशानी हुई। किला के बाकरगंज, जसोली, हुसैन बाद औ गढ़ी चौकी क्षेत्र में लो वोल्टेज के साथ ट्रिपिंग से दिक्कत रही। जगतपुर, पुराना शहर और सैलानी क्षेत्र में कटौती हुई। शाहदाना उपकेंद्र से ओवरलोडिंग कम नहीं होने पर वहां पर शनिवार रात के साथ रविवार को दिन में भी बिजली कटौती की गई।

कुंवरपुर में सिंगल सर्किट केबल होने से बार-बार फाल्ट हो रहे थे। रविवार को कुछ लोगों ने हंगामा किया था लेकिन उन्हें समझाकर डबल सर्किट केबल डालकर आपूर्ति बहाल करा दी गई। - **सत्येन्द्र चौहान**, अधिशासी अभियंता द्वितीय

# आतंकी भिंडरावाला को शहीद बताने पर गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मॉडल टाउन गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष मलिक सिंह समेत कई नामजद
- शनिवार को गुरुद्वारे में शहीदी दिवस मनाकर लगाए गए थे पोस्टर

**अमृत विचार :** मॉडल टाउन गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर खालिस्तान समर्थक आतंकी जरनैल सिंह भिंडरावाला को एक पोस्टर में शहीद बताए जाने पर पुलिस ने गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें धार्मिक-सामाजिक भावनाएं भड़काने और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ घृणा फैलाने का आरोप है। पुलिस ने गुरुद्वारे से भिंडरावाला का पोस्टर भी हटा दिया है।

आरोप है कि एक कार्यक्रम के लिए तैयार किए गए पोस्टर में आतंकी भिंडरावाला को शहीद बताया गया था। इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने वाले मॉडल टाउन चौकी इंचार्ज वैभव गुप्ता ने बताया कि एक जून को सिख समुदाय ने नगर संकीर्तन निकाला था। इसी दौरान मॉडल टाउन गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष मलिक सिंह कालरा, गुरदीप सिंह बग्गा, हरनाम सिंह, राजेंद्र सिंह जानी और मॉडल टाउन के हरदीप सिंह निम्मा ने गुरुद्वारे में 1984 के दंगों के संबंध में शहीद दिवस मनाया था। इसके तहत गुरुद्वारे में पोस्टर और फ्लैक्स लगवाए गए थे जिनमें जरनैल सिंह भिंडरावाला, अमरीक सिंह और जनरल सुबेग सिंह के फोटो लगाकर उन्हें शहीद बताया गया था। आरोप है कि खालिस्तान की मांग करने वाले आतंकी संगठन के प्रमुख जरनैल सिंह भिंडरावाले के ये पोस्टर मॉडल टाउन गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के सदस्यों ने ही छपवाए। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल हो गईं। इस तरह समाज के विभिन्न वर्गों, समुदायों में असंतोष, शत्रुता-घृणा और द्वेष की भावना पैदा करने और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश की गई।

हर वर्ष की तरह इस बार भी शहीद दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया था। अकाल तख्त के आदेश पर तस्वीर लगाई थी। पुलिस के एतराज करने पर तस्वीर को हटा दिया गया। - **मलिक सिंह कालरा**, गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान

# भोजीपुरा में निर्माणाधीन फैक्ट्री में 30 फुट ऊंचाई से गिरे मजदूर की मौत

## पांच दिन पहले हुई थी घटना, रविवार को अस्पताल में तोड़ा दम

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा



राजा अली



- पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजनों से समझौते की बात करता रहा फैक्ट्री प्रबंधन
- बिना सुरक्षा काम कराने का आरोप, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार :** भोजीपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में निर्माणाधीन साबुन फैक्ट्री में काम के दौरान 30 फुट ऊंचाई से गिरे वेल्डर की रविवार को अस्पताल में मौत हो गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने पुलिस को कोई सूचना दिए बगैर परिजनों से सौदेबाजी शुरू कर दी। पुलिस को सूचना मिली तो उसने देर शाम शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

भोजीपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में सिरमौर डिटर्जेंट नाम की साबुन फैक्ट्री का निर्माण हो रहा है। गांव अभयपुर केशोपुर निवासी 19 वर्षीय वेल्डर राजा अली भी यहां काम कर रहे थे। 28 मई को लगभग 30 फुट ऊंचे पोल पर वेल्डिंग करते समय अचानक पैर फिसलने से राजा जमीन पर आ गिरे। गंभीर रूप से घायल राजा को फैक्ट्री मालिक तेजेंद्र सिंह ने आनन-फानन नजदीकी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। रविवार सुबह करीब 8:00 बजे उनकी मौत हो गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने राजा की मौत की जानकारी पुलिस को देने के बजाय परिजनों से समझौते की बात शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि छह लाख रुपये में दोनों पक्षों में समझौते की सहमति भी बन गई। इसी बीच राजा की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सामने दोनों पक्षों ने समझौता होने की बात कहकर कार्रवाई से साफ इन्कार कर दिया। पुलिस ने इस पर पीड़ित पक्ष को थाने ले गई लेकिन वे पोस्टमार्टम कराने को भी तैयार नहीं हुई। पुलिस ने करीब चार घंटे उन्हें समझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि, परिजनों ने काफी जोर देने के बाद भी पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी। फैक्ट्री में काम करा रहे ठेकेदार इकबाल खान ने बताया कि फैक्ट्री में 45 दिन से लगभग 20 मजदूर काम कर रहे थे। राजा के परिजन उसकी मौत के बाद फैक्ट्री मालिक और ठेकेदार पर बिना सुरक्षा साधनों के काम कराने का आरोप लगा रहे थे। राजा चार भाइयों में सबसे छोटे थे। पिता अख्तर अली भी मजदूर हैं।

उधर भोजीपुरा इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि मजदूर के घायल होने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन लगातार इलाज कराता रहा। उन्हें इसकी जानकारी रविवार को हुई है। मजदूर की मौत की घटना दुखद है। थाना प्रभारी जगत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार वालों की ओर से अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## धोपा मंदिर: सरोवर में डूबने से बच्चे की मौत

**कैंट, अमृत विचार :** प्राचीन धोपेश्वरनाथ मंदिर के सरोवर में रविवार को एक मजदूर का 10 वर्षीय बेटा नहाते समय डूब गया। बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कांधरपुर के मजरा बरकलीगंज के बाबूराम मौर्य 10 वर्षीय बेटे राज और आठ वर्षीय शिवम के साथ रविवार शाम करीब 4 :30 बजे मंदिर के सरोवर में स्नान करने पहुंचे थे। बाबूराम और शिवम तो स्नान कर बाहर निकल आए, लेकिन राज पानी में डूबने लगा। बाबूराम ने जब तक उसे बाहर निकाला, तब तक वह बेहोश हो चुका था। सीना और पेट दबाकर कुछ पानी बाहर निकाला, फिर बेहोशी की हालत में ही उसे जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गरीबी, गर्मी, मस्ती और मौत

मोहल्ले के लोगों के मुताबिक बाबूराम मजदूरी करते हैं। दो बेटियों की तो जैसे-तैसे शादी कर दी लेकिन तंगी से हुए क्लेश की वजह से तीन महीने पहले उनकी पत्नी घर छोड़कर चली गईं और अब तक नहीं लौटीं। गर्मी की वजह से तीन दिन से बाबूराम दोनों बेटों को मस्ती कराने के लिए सरोवर में नहाने आ रहे थे। रविवार को हादसा हो गया। इसी सरोवर में इससे पहले 2018 में एक किशोर की डूबकर मौत हो गई थी। 2020 में आठवीं की छात्रा पिंकी राणा की भी जान चली गई।

# जिला अस्पताल वालों ने मेरा बच्चा चोरी कर लिया, फंदे पर लटककर जान दे दूंगी

- जिला अस्पताल में प्रसव के बाद महिला ने किया हंगामा
- अस्पताल वालों ने मानसिक मंदित होने की आशंका जताई

**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता ने रविवार को फंदे पर लटककर जान देने की कोशिश की। उसने आरोप लगाया कि अस्पताल वालों ने उसका बच्चा चुरा लिया है। उधर, अस्पताल प्रशासन ने महिला के मानसिक मंदित होने की आशंका जताते हुए नारी निकेतन को सूचना दी है।

एक सप्ताह पहले एंबुलेंस स्टाफ ने जंक्शन के पास गर्भवती महिला को लाकर अस्पताल में भर्ती कराया था। तीन दिन पहले उसका प्रसव हुआ था। होश में आने के बाद उसने स्टाफ पर बच्चा चोरी का आरोप लगाते हुए वार्ड में जमकर उत्पात मचाया। रविवार सुबह उसने चादर से फंदा बनाकर लटकने की कोशिश की। इस पर घबराए स्टाफ ने तुरंत सीएमएस को सूचना दी।

स्टाफ के अनुसार महिला का बच्चा स्वस्थ है। महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह कहां की रहने वाली है, उसे कुछ पता नहीं है। ऐसे में उसे डिस्चार्ज करना भी चुनौती है। अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस और नारी निकेतन को कई बार सूचना दी। पुलिस कर्मियों ने महिला से पूछताछ की, लेकिन अस्पताल से महिला को ले जाने के लिए कोई भी आगे नहीं आ रहा है।

# चोरी की भैंसें काटने के मामले में मारिया फ्रोजन फैक्ट्री को पुलिस का नोटिस

## तीन दिन में देना होगा सभी कर्मचारियों और फैक्ट्री में उनकी भूमिका का ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फैक्ट्री के आसपास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच करेगी पुलिस

**अमृत विचार :** चुराई गई भैंसों को काटने के आरोप में फंसी मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री के प्रबंधन को रविवार को फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने नोटिस देकर तीन दिन में जवाब मांगा है। आरोपों की पुष्टि के लिए पुलिस फैक्ट्री और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच करेगी। पुलिस फरार हुए तीनों आरोपियों की तलाश में भी लगातार दबिश दे रही है। उधर, आईजी ने भी एसएसपी को चोरी की भैंसें कटवाने के मामले में फैक्ट्री प्रबंधन की भूमिका की जांच का आदेश दे दिया है।

फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने बृहस्पतिवार रात भैंस चोर गिरोह के नफीस, आदिल और आकाश समेत तीन लोगों गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से एक भैंस, एक पड्डा, 12 बोर की एक पौनिया और कारतूस, एक पिकअप, एक टेंपो बरामद किया गया था। तीन लोग फरार हो गए थे। पुलिस के मुताबिक नफीस ने पूछताछ में बताया कि वह मारिया मीट फैक्ट्री का कर्मचारी है और चोरी की गई भैंसों को इसी फैक्ट्री में ले जाकर हाथ के हाथ कटवा देता है। उसने यह भी बताया था कि उसका गिरोह पांच सौ से ज्यादा भैंसे चोरी कर चुका है।

फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने रविवार को फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस जारी कर तीन दिन में आरोपों पर जवाब मांगा है। थाना प्रभारी मदनमोहन चतुर्वेदी ने बताया कि नोटिस में फैक्ट्री प्रबंधन को फैक्ट्री में काम करने वालों के पूरे ब्योरे के साथ उनकी भूमिका का भी विवरण देने को कहा गया है। जवाब आने के बाद पुलिस कार्रवाई तेज करेगी। उधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह ने पूरे प्रकरण की जांच एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को सौंपी है। एसएसपी किसी अधिकारी से यह जांच कराकर आईजी को रिपोर्ट सौंपेंगे।

### कॉल डिटेल से पता चलेंगी फैक्ट्री के आसपास की गिरोह की गतिविधियां

भैंस चोर गिरोह के फरार हुए सदस्य जुनैद और इमरान समेत तीनों आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए हैं। इस बीच पुलिस गिरोह के गिरफ्तार और फरार सदस्यों की कॉल डिटेल निकलवा रही है ताकि पता किया जा सके कि मारिया फ्रोजन फैक्ट्री के आसपास उनकी कब-कब मौजूदगी रही है।

चोरी की भैंस कटवाने वाले गिरोह और इसमें फैक्ट्री प्रबंधन की भूमिका की जांच एसएसपी को दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद उसी के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। - **डॉ. राकेश सिंह**, आईजी रेंज बरेली

तीन महीने पहले सभी कर्मचारियों की लिस्ट थाना कैंट और एलआईयू कार्यालय को दी थी। इस लिस्ट में गिरफ्तार आरोपी का नाम नहीं था। उसका फैक्ट्री से कोई लेनादेना नहीं है। - **ईशान खान**, मैनेजर मारिया ग्रुप

## एक नजर

### स्कूल छोड़ चुके बच्चों को चिह्नित करेंगे शिक्षक

**बरेली, अमृत विचार :** सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कूल छोड़ चुके बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 18 जून से स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों में शिक्षक सर्वे कर ऐसे बच्चों को चिह्नित करेंगे और उनके परिवार की जानकारी जुटाएंगे। खंड शिक्षा अधिकारी तौसीफ अहमद ने बताया कि इस संबंध में सभी स्कूल के प्रधानाध्यापकों को बीएसए की ओर से पत्र जारी कर निर्देश दिए गए हैं।

### प्रांतीय सम्मेलन में उठेगा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी माध्यमिक शिक्षक संघ का तीन दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन 10 से 12 जून तक मुजफ्फरनगर में होगा। रविवार को संगठन के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में 8 वें वेतन आयोग का गठन और पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा उठेगा। सम्मेलन से जिले से भी पदाधिकारी शामिल होंगे।

# आरोहण में बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

## मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मनमोहा, आईएमए ने कार्यक्रम आयोजित किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमए के सभागार में रविवार देर शाम जमकर धमाल हुआ, मौका था बच्चों के वार्षिकोत्सव आरोहण का। इस दौरान डॉक्टरों के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम की शुरुआत आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार गोयल, सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोमल, प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. आरके सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. आरके भास्कर, चेयरमैन कल्चरल कमेटी डॉ. राजकुमारी मित्तल ने की। इसके बाद बच्चों ने नृत्य, गायन, कव्वाली, इंस्ट्रूमेंटल प्रोग्रामों के माध्यम से कला का शानदार प्रदर्शन किया।

धार्मिक में दुर्गा पूजा, शिव तांडव स्त्रोत्र, नृत्य में गलती से मिस्टेक, तूने मारी एंट्री यार, एक पल का जीना, गायन में जब कोई बात बिगड़ जाए, फूलों का तारों का.., इंट्रूमेंटल में कैशियो,



आरोहण में मौजूद वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार और आईएमए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

ड्रम वादन आदि की प्रस्तुतियां दी गईं। अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना और डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अंसारी रहे। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। आयोजन में डॉ. रितु राजीव, डॉ. दीपिका गर्ग, डॉ. मोनिका गोयल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता, डॉ. अनूप आर्य आदि की विशेष भूमिका रही।


कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

# उमंग में गुरुओं ने कला का किया प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार:** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को आयोजित उमंग कार्यक्रम में कथक, भरतनाट्यम, गायन, वाद्ययंत्रों और थिएटर के गुरुओं ने कला का प्रदर्शन किया।

वाद्ययंत्रों के गुरुओं में उमेश मिश्रा (सारंगी), कुंवर पाल (सितार), सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), आशीष सिंह (की बोर्ड), हिमांश चंद्रा (गिटार), सोनू पांडेय (बांसुरी), सुमन विस्वास (मृदंगम), अमरनाथ (तबला) ने राग जोग को प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। भरतनाट्यम के गुरु रोबिन ए ने गोवर्धन गिरधारी पर अपनी प्रस्तुति दी। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने राग भैरवी पर आधारित बात चलत मोरी को अपनी आवाज दी। गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे ने सूरत पिया की छिन बिसरी को अपने स्वरों में प्रस्तुत किया।

कथक गुरु देवाज्योति नस्कर, रियाश्री चटर्जी और अंशू शर्मा ने


कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

शक्ति के आंतरिक स्वरूप को प्रस्तुत किया। थिएटर गुरु विनायक श्रीवास्तव ने अभिनय के विद्यार्थी मनोज शर्मा और सौम्या कश्यप के साथ छन्नू नवाब नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ.प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रीटा शर्मा मौजूद रहीं।

# जुलाई में कक्षा एक और दो के बच्चों को मिलेंगी किताबें

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक और दो के बच्चों को जुलाई के पहले सप्ताह में किताबें उपलब्ध करा दी जाएंगी। शासन ने किताबें क्रय करने के लिए विभाग को आदेश दिया है।

शैक्षिक सत्र की शुरुआत में कक्षा तीन से आठवीं तक के बच्चों को किताबें मुहैया करा दी गई थीं। इस बार कक्षा एक और दो में एनसीईआरटी की किताबें लागू की गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक और दो में करीब 70 हजार बच्चे पंजीकृत हैं। शिक्षकों के अनुसार डेढ़ माह पूर्व शैक्षिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। लेकिन किताबें नहीं मिलने के कारण बच्चों को पढ़ाने में दिक्कतें आ रही हैं। बच्चों को ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का किताब के अनुसार गृहकार्य भी स्कूलों में नहीं दिया गया। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि किताबों का क्रय आदेश तैयार कर भेज दिया गया है। इसी हफ्ते उम्मीद है कि जिले में किताबों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

## सार-संक्षेप

### सहोदय विद्यालय ने मेधावियों को किया सम्मानित




**बरेली,अमृत विचार :** सहोदय विद्यालय कॉप्लेक्स की ओर से नैनीताल रोड स्थित एक स्थान पर 10 वीं और 12 वीं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में 10 वीं के छात्र आदि सैनी और 12 वीं के तरुण सक्सेना शामिल हैं।

### झूलेलाल पार्क में पौधे रोपकर किया जागरूक




**बरेली, अमृत विचार :** सृजन वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार को झूलेलाल पार्क में पौधारोपण किया। अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने बताया कि पार्क में पीपल, नीम, कनेर, आम, अमरूद आदि के पौधे लगाए। इस दौरान उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। स्मिता यादव ने कहा कि अगर हम चाहें तो किसी का जन्मदिन, वर्षगांठ या कोई शुभ अवसर पर पौधे रोप सकते हैं। इसे संकल्प के रूप में लें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। विजय, दीपक शर्मा, राजीव सक्सेना आदि सोसाइटी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहें।

### पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने को बांटे मिट्टी के बर्तन



**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील बरेली ग्लो ने पक्षियों के लिए दाना पानी रखने के लिए रविवार को गांव गोसगंज स्थित विद्यालय में छात्राओं और शिक्षिकाओं को मिट्टी के बर्तन वितरित किए। क्लब चार्टर अध्यक्ष डॉ. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना और पानी का इंतजाम करना सेवा का कार्य है। सचिव अलका मेहरोत्रा और कोषाध्यक्ष बरखा गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया।

### पैड बांटकर दी मैं हू पैड वुमन अभियान की जानकारी



**बरेली, अमृत विचार :** माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल ने रविवार को मोहनपुर गांव में महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने मैं हूं पैड वुमेन अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेनेटरी पैड के इस्तेमाल को लेकर जागरूकता फैलाना ही इस अभियान का उद्देश्य है। कोई भी महिला इस अभियान से जुड़ सकती है।

### राजू बने आईबीएफए बरेली के संयुक्त सचिव



**बरेली, अमृत विचार :** इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन (यूपी) की ओर से रविवार को राजू कुमार को आईबीएफए बरेली के संयुक्त सचिव के रूप में जिम्मेदारी दी गई। यह जानकारी आईबीएफए के प्रदेश अध्यक्ष नदीम खान ने दी। आईबीएफए बरेली मंडल अध्यक्ष मनमोहन सिंह तनेजा ने राजू कुमार को सर्टिफिकेट सौंपा। इस दौरान उनका स्वागत किया गया। आलम सिद्दीकी, नसीम खान, मोइन उद्दीन, सुमित बाला जी, दानिश रजा, अमित चौहान, परवेज खान, नमन तनेजा, फैजान अली आदि मौजूद रहे।

### डायरिया और आंखों में संक्रमण के बढ़े मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ, जिसमें 2765 मरीजों को इलाज के साथ परामर्श दिया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के मुताबिक मेले में डायरिया और आंखों में संक्रमण के मरीजों की संख्या अधिक रही। केंद्रों पर शिविर लगाकर आयुष्मान लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। वहीं, गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कहा कि भीषण गर्मी में घर से बाहर जाने से बचें।

# यूपी बोर्ड : परिणाम घोषित होने के डेढ़ महीने बाद भी नहीं मिला अंकपत्र

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम को घोषित हुए डेढ़ माह हो चुका है, लेकिन हाईस्कूल के तमाम छात्रों को अभी तक अंक पत्र नहीं मिला है। इस वजह से विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है।

मोहल्ला आजाद नगर के छात्र रोहित सेन ने बताया कि 11 वीं में प्रवेश के लिए उन्हें दूसरे जिले में जाना है। अभी तक विद्यालय से अंकपत्र नहीं मिला है। सीबीगंज निवासी अंकिता नागपाल की भी यही समस्या है। उन्होंने बताया कि फिलहाल प्रवेश के लिए अंकपत्र की ऑनलाइन कॉपी जमा कर दी गई है।

डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले इंटरमीडियट के अंकपत्र आए थे। सभी स्कूलों में इनका वितरित कराया जा रहा है। इसी हफ्ते हाईस्कूल के भी अंकपत्र आने की उम्मीद है। आते ही इन्हें भी विद्यालयों में भेज दिया जाएगा और विद्यार्थियों को तेजी से इनका वितरण शुरू करा दिया जाएगा।

# 10 वीं और 12 वीं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया



कार्यक्रम में मौजूद मेधावी बच्चे और संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी सेवा संगठन ने रविवार को शहर में कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा 10 वीं और 12 वी में पंजाबी, खत्री, सिख सिंधी समुदाय के मेधावियों और शिक्षकों को सम्मानित किया। टीचर ऑफ द ईयर का अवार्ड 25 अध्यापकों को दिया गया। बरेली क्लब में मई क्वीन चुनी गईं प्राची वाधवा को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में 10 वीं के छात्र अमरदीप सेठी , कवलीन कौर गांधी ,भव्य खत्री ,माधव गुलाटी, शेरायस अरोड़ा ,मेधा मिगलानी ,नियति परचानी, भव्य मल्होत्रा ,विशाल साहनी, जय भसीन, जतिन अहूजा, प्रियांशी अरोरा , साहिल जुनेजा ,भव्य खत्री ,प्रियांशी अरोरा ,सिद्धि अरोरा , प्रिंसी भाटिया, हर्षप्रीत सिंह , चित्रांश गंगवानी ,आर्यन भाटिया, जिया नय्यर, कनिका ढोंडी, अक्षिता अरोरा और 12वीं के छात्र खुशी भोजवानी ,जसकीरत सिंह ,अमरप्रीत कौर, आशना भाटिया, आद्रिका रखेजा , लवलीन कौर, कृत लीन कौर , भूमिका एलानी, सतप्रीत शामिल हैं। संयोजक प्रदीप मालिक ने मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार को सम्मानित किया। संरक्षक पवन अरोड़ा, डॉ विनोद पगरानी, सरदार अमरजीत सिंह बक्शी, इंदु सेठी , राकेश सेठी, राम सेठी , सरदार सुरजीत सिंह, रवि छाबड़ा आदि मौजूद रहे। संचालन संस्थापक संजीव साहनी ने किया ।

### माहौर वैश्य सभा समिति के महानगर अध्यक्ष बने जय नारायण

**बरेली, अमृत विचार:** माहौर वैश्य सभा समिति की ओर से रविवार को जीआईसी सभागार में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल और विधायक संजीव अग्रवाल मौजूद रहे। अखिल भारतीय माहौर वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, न्यास सभा अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता आजीवन संरक्षक रामेंद्र प्रसाद गुप्ता ने समिति के मनोनीत महानगर अध्यक्ष जय नारायण गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजेंद्र नाथ गुप्ता, महामंत्री सुशील कुमार गुप्ता को गोपनीयता की शपथ दिलाई। संस्था की ओर से दानवीर भामाशाह की मूर्ति सेटेलाइट चौराहे पर स्थापित करने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। हर्षित गुप्ता को संगठन महामंत्री, निमेंद्र गुप्ता को युवा अध्यक्ष, डॉ तृप्ति गुप्ता को महिला मोर्चा अध्यक्ष, प्रभात गुप्ता को उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी, गौरव गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदि मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। राष्ट्रीय विधि सलाहकार प्रमोद कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सुरेंद्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### योग की मुद्राओं और आसनों का अभ्यास कराया



**बरेली,अमृत विचार :** आनंदम फाउंडेशन की ओर से रविवार को जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आध्यात्मिक कार्यक्रम हुआ। स्वामी आलोक महाराज ने अवचेतन मन के प्रयोग, कारण और कथाओं के माध्यम से लोगों को जीवन की शक्तिशाली अवस्था के बारे में बताया। बताया कि दान केवल धन का ही नहीं बल्कि शिक्षा, विद्या, करुणा, प्रेम और प्रशंसा आदि का भी किया जा सकता है। योग की मुद्राओं और आसनों का अभ्यास कराते हुए लाभ भी बताया। प्रधानाचार्य डा. रविशरण सिंह चौहान, नन्दन, डा. गिरराज सिंह, अशोक शर्मा, विजय पाल, राकेश कुमार शर्मा,सूर्य प्रकाश, डिम्पल , राम चंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

### राहगीरों के लिए कई जगह प्याऊ लगवाए




**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा और कायस्थ चेतना मंच ने रविवार को शहर में पुराने बस अड्डा, नैनीताल रोड और धर्मकांटा चौराहे पर प्याऊ लगाया। प्याऊ का उद्घाटन करते हुए डॉ. पवन सक्सेना, सीए राजेन विधार्थी, अखिलेश सक्सेना और अविनाश सक्सेना ने कहा कि जनसेवा ईश्वरीय सेवा है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना, कायस्थ चेतना मंच के अध्यक्ष संजय सक्सेना, मानव सेवा क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, सुनील सक्सेना, प्रकाश सक्सेना, निर्भय सक्सेना, अशोक सक्सेना, अमित सक्सेना, शशि सक्सेना, रितु सक्सेना,अरुणा सिन्हा, विकास सक्सेना, राजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# सभी पशुओं की ईयर टैगिंग 30 जून तक करनी होगी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में शत प्रतिशत पालतू पशुओं की ईयर टैगिंग कराने की समय सीमा 30 जून निर्धारित कर दी गई है। पशु पालन विभाग ने शासन से दो लाख टैक की डिमांड की है। हालांकि, चार साल पूर्व शुरू हुआ ईयर टैगिंग अभियान अब तक पूरा नहीं हो सका है। पशुओं की ईयर टैगिंग कराने का आदेश 2020 में आया था, जिसमें कहा गया था कि शत प्रतिशत गोवंश, भैंस, पड़िया की ईयर टैगिंग कराना अनिवार्य है। पशु पालन विभाग ने इसके लिए अभियान भी चलाया, मगर अब तक सभी पशुओं की टैगिंग नहीं हो सकी है। हालांकि, विभाग के पास अभी 50 हजार टैग बचे हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मेघश्याम के मुताबिक जिले में करीब दो लाख 39 हजार के करीब पालतू गोवंश हैं, जबकि 6 लाख 80 हजार के करीब भैंस, पड़िया हैं। उनका दावा है कि 85 से 90 फीसदी पशुओं की ईयर टैगिंग हो गई है।

### टैगिंग न कराई तो नहीं मिलेंगी ये सुविधाएं

पशुओं की ईयर टैगिंग न होने की वजह से पशु पालकों को सरकारी सुविधाओं का कोई लाभ नहीं मिल सकेगा। मुख्य तौर पर पशुधन बीमा योजना का लाभ, कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, इमरजेंसी में इलाज की सुविधा, बधियाकरण नहीं करा सकेंगे। इसके अलावा पशुओं की बिक्री व उन्हें एक साथ से दूसरे स्थान पर ले जाने पर असुविधा हो सकती है।

### ये हैं फायदे

पशु पालकों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। पशुओं के चोरी होने, उनकी मृत्यु होने पर बीमा होने से कीमत का आकलन कर आर्थिक मदद मिल सकेगी। पशुओं के चोरी होने पर उन्हें आसानी से पंजीकरण नंबर के आधार पर मालिक तक पहुंचाया जा सकता है।

# बेसिक शिक्षा : पढ़ाई में मददगार बनेगा स्विफ्ट चैट एप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिषदीय स्कूलों में कक्षा चार से आठ तक के बच्चों को पढ़ाने में इस एप का हो इस्तेमाल
- शिक्षक एप के जरिये आसानी से बना सकेंगे कार्य योजनाएं

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में वर्तमान सत्र में छात्रों को पढ़ाने के लिए स्विफ्ट चैट एप का उपयोग किया जाएगा। इस एप में हिंदी, अंग्रेजी, गणित समेत सभी विषयों के वीडियो, ऑडियो और फोटो भी शामिल किए गए हैं, ताकि बच्चों को बेहतर तरीके से समझाया जा सके। सभी स्कूलों के शिक्षकों को इस एप के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के निर्देश दिए हैं। एप से बच्चों की पढ़ाई के साथ शिक्षकों को भी योजना तैयार करने में आसानी होगी।

इस एप के तहत ही चैट वाट की सुविधा दी गई है। इससे शिक्षक अपने शिक्षण संबंधित योजनाएं तैयार करेंगे। अफसरों के अनुसार कक्षा चार से आठ तक के छात्रों के लिए यह एप तैयार किया गया है।

एसआरजी डा. अनिल चौबे के मुताबिक बच्चों को पढ़ाने और शिक्षकों के लिए भी यह एप बहुत उपयोगी है। जल्द शिक्षकों को एप से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिले में कुल 2482 परिषदीय स्कूल हैं। अफसरों के अनुसार इसी सत्र से बच्चों को पढ़ाने में एप का प्रयोग किया जाएगा।

### छबील लगाकर पिलाया शरबत



**बरेली, अमृत विचार :** नागरिक सुरक्षा बारादरी प्रभाग की ओर से रविवार को बीसलपुर चौराहा पर छबील लगा कर लोगों को शबरत वितरित किया गया। डिवीजनल वार्डन रंजीत वशिष्ठ, कलीम हैदर सैफी, संजय पाठक, अमित पंत, मो. फरहान, गीता दोहरे, देवेंद्र शर्मा, विजय बाबू गुप्ता, सुहेल अख्तर आदि मौजूद रहे।

### प्याऊ लगा कर बुझाई लोगों की प्यास




**बरेली, अमृत विचार :** बड़ी विहार में सालार मसूद वाले मियां के उर्स के मौके पर रविवार को ओमेगा क्लासेस ने प्याऊ लगाया गया। सुबह से दोपहर बाद तक प्याऊ पर भारी संख्या में लोगों को पानी पिलाया गया। संस्थान के एमडी मो. कलीमुद्दीन, मेवाती वसीम चौधरी, शकीलउद्दीन,अलीमुद्दीन, संजय मेवाती , मुन्ना, फहीम खां, चांद, रेहान, शान,अमान आदि मौजूद रहे।

# जीवन के हर संशय का समाधान करती है राम कथा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हरि मंदिर में चल रही है नौ दिवसीय श्रीराम कथा

**अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा में दूसरे दिन रविवार को कथाव्यास पं. बृजेश पाठक ने कहा कि श्रीराम कथा जीवन के हर संशय का समाधान करती है। अनुकूल परिस्थितियों में धर्म का पालन करना सहज है, लेकिन व्यक्ति के धर्म, धैर्य और विवेक की परीक्षा तो प्रतिकूल परिस्थितियों में होती है। माता कौशल्या ऐसी ही धर्म परायण और विवेकी महिला हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने धर्म पर अडिग रहती हैं। जिस समय वह सुनती हैं कि श्रीराम वन जा रहे हैं, व्याकुल हो जाती हैं। एक ओर उनका धर्म और दूसरी और पुत्र के प्रति ममता।


कथाव्यास बृजेश पाठक।

श्रीराम को रोकती हैं तो पति की अवहेलना होती है, जाने देती हैं तो प्राण ही मानों निकल रहे हैं। उन्होंने तब धर्म का पक्ष लिया और धैर्य रखकर राम से कहा कि पिता की आज्ञा सभी धर्मों से ऊपर है। इसलिए तुम वन चले जाओ और यदि माता कैकई ने भी कहा है तब तो वन तुम्हारे लिए सैकड़ों अयोध्या के समान है। कथा के बीच में संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु थिरकते रहे। मंदिर समिति अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, उपाध्यक्ष सुशील अरोड़ा, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, विनोद भाटिया, विपिन पाहवा, कपिल साहनी,हरीश लुणियाल, रेनू छाबड़ा,कंचन अरोरा आदि मौजूद रहे।

# आईएमसी में शामिल होंगे आबिद खान

**बरेली, अमृत विचार :** दरगाह आला हजरत से नजदीकी की बदौलत सपा शासन में राज्यमंत्री का दर्जा हासिल करने वाले आबिद खान आईएमसी में शामिल हो सकते हैं। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर से आबिद खां की मुलाकात के बाद पार्टी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने ऐसी संभावना जताई है। मुनीर ने बताया कि आबिद पहले भी आईएमसी में रहे है। दरगाह से भी उनका जुड़ाव रहा है। मौलाना तौकीर की रजामंदी मिलते ही वह आईएमसी में शामिल हो जाएंगे।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली को
अनुवादक की
अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने में दक्ष हो।
हिन्दी टाईपिंग का भी अनुभव होना चाहिए
अनुभव : न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें
9518031113, 8476006584
ऑफिस : नजदीक सैटेलाईट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 09 जून 2024, रविवार
07 जुलाई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# 80 लाख की सड़क की चार माह बाद भी नहीं बनी पटरी, अफसर बोले- नहीं मिल रही मिट्टी

## सड़क से उतरते समय लोगों की गाड़ियां हो रही हैं क्षतिग्रस्त, तीन पहिया के पलटने का डर

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार :** कई साल के संघर्ष के बाद ग्रामीणों के लिए सड़क तो बन गई, लेकिन उनकी मुश्किलें अभी तक दूर नहीं हो सकी हैं। चार माह पहले आलमपुर गजरौला में 80 लाख खर्च करके बनाई गई सड़क किनारे मिट्टी डाली गई है न ही इंटरलॉकिंग की गई है।अब लोगों की गाड़िया क्षतिग्रस्त हो रहीं हैं तो तीन पहिया वाहन पलटने के डर से बचकर निकल रहे हैं। सारीपुर रोड के भी यहीं हाल है,यहां भी सड़क तो लगभग बनकर तैयार हो चुकी है, लेकिन अफसरों की अनदेखी यहां भी देखने को मिली है।

चार माह पहले आलमपुर गजरौला में पीडब्ल्यूडी की ओर से 80 लाख रुपये की लागत से दो किलोमीटर सीसी रोड का निर्माण कराया गया था। उस समय अफसरों ने रोड के किनारे मिट्टी डालने की बात कही थी, जिसके बाद से ग्रामीण शांत बैठ गए।चार माह बीत जाने के बाद भी रोड किनारे मिट्टी नहीं डाली गई है, जिससे ग्रामीण नाराज हैं। एक तरफ से चार पहिया वाहन आने पर दूसरे ओर से आ रहे चार पहिया और तीन पहिया वाहन को रोड से नीचे उतारना पड़ता है। जिससे गाड़िया क्षतिग्रस्त हो रहीं हैं और सवारियों से भरे ऑटो को पलटने का डर बना रहता है। इधर,पीडब्ल्यूडी से बिथरी से गैंगटा की ओर करीब 25 लाख रुपये की लागत से लगभग सात सौ मीटर की सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। यहां रोड का निर्माण तो लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन मिट्टी डालने का वादा यहां भी सिर्फ हवा हवाई किया जा रहा है।इस रोड पर भी राहगीरों को समस्या झेलनी पड़ रही है। निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने काम में बजरफुट की जगह बालू यानि डस्ट स्टोन मिलाने का आरोप लगाया था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी, हालांकि कोई कार्रवाई नहीं हुई।




पटरी पर उतरते समय गड्ढा होने की वजह से वाहन चालक हो रहे घायल।

सड़क निर्माण के समय जेई ने कहा था की सड़क किनारे मिट्टी डाली जाएगी। चार माह बाद भी मिट्टी नहीं डाली। लोगों की गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो रहीं हैं। –**आरिफ**, ग्रामीण

रोड निर्माण करते समय भी बजरफुट की जगह मिट्टी डाली गई थी, जिसकी शिकायत भी मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। –**तौकीर**, ग्रामीण

मिट्टी नहीं मिल पा रही है,इ स वजह से आलमपुर गजरौला सीसी रोड किनारे पटरी नहीं बन पाई है। मिट्टी की तलाश की जा रही है।एक दो दिन में मिट्टी डलवा दी जाएगी।वहीं उनका कहना है कि सारीपुर से गैगटा की ओर बन रही सड़क अभी आधी बनी है, पूरी होने के कुछ दिन बाद वहां भी मिट्टी डलवा दी जाएगी। –**देवत्त पचौरी**, जेई

# दीवार काटकर नकदी और जेवर ले गए चोर

संवाददाता, भुता

• **चोरों ने एक ही रात दो मकानों में लगाई नकब**

**अमृत विचार :** भुता थाना क्षेत्र के ग्राम विशेश्वरपुर में शनिवार रात एक किसान के मकान के कमरे की दीवार में पीछे से नकब लगाकर सोने चांदी के जेवरात और नकदी सहित लाखों का सामान चोर उठा ले गए। पड़ोसी वीरपाल के मकान में भी नकब लगाने का प्रयास किया। पीड़ित ने चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम विशेश्वरपुर निवासी किसान सतीश कुमार पटेल ने बताया गर्मी के चलते वह शनिवार रात घर के आंगन में परिवार सहित सो रहे थे। रात में चोरों ने कमरे के पीछे दीवार में नकब लगाकर अलमारी में रखें 70000 नकद और जेवर सहित लाखों रुपये का सामान चुरा ले गए। जब वह सुबह उठे तो देखा कि कमरा अंदर से बंद था छत से देखा तो पीछे से नकब लगा हुआ था फिर कमरे जैसे तैसे दरवाजा खोलकर देखा तो अलमारी में से नकदी सोने चांदी के जेवरात गायब थे। समान सब बिखरा पड़ा था। 112 पुलिस को को सूचना दी गई। थाना अध्यक्ष सतीश कुमार टीम के साथ पहुंचकर चोरों की तलाश में काबिंग की, लेकिन कोई चोर हाथ नहीं आया। सीओ फरीदपुर गौरव सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर मुआयना किया।

# 54 अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास देने की जांच अटकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• **चुनाव की व्यस्तता की वजह से पूरी नहीं हो सकी जांच**

**अमृत विचार :** करीब दस दिन पूर्व शीशगढ़ कस्बे में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में हुए फर्जीवाड़े के मामले की जांच अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। अफसर मतगणना के बाद जांच प्रक्रिया तेज कर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

दरअसल, शीशगढ़ कस्बे में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ देने में गड़बड़ियों की शिकायत के बाद प्रशासनिक अफसर गोपनीय तरीके से जांच कर रहे थे। 21 मई को कस्बे के मोहल्ला अगवाड़ा में नायब तहसीलदार शिवा वर्मा, कानूनगो मुकेश कुमार जांच करने गए थे। उनकी जांच में 10 लोग ऐसे पाए गए थे, जिनके आलीशान मकान बने थे। जांच का दायरा बढ़ाया गया तो 44 लोग और अपात्र पाए गए। कुल 54 अपात्रों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ देने की बात सामने आई थी। शीशगढ़ में कुल 1142 लोगों को आवास का लाभ दिया गया है। इन सभी की जांच के आदेश हैं। पूरे खेल में डूडा के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ सर्वेयर-सुपरवाइजर से लेकर लेखपालों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। एसडीएम मीरगंज देश दीपक सिंह ने बताया कि जांच टीम चुनाव में व्यस्त है। नायब तहसीलदार का स्वास्थ्य भी बिगड़ गया था। मतगणना होने के बाद छह जून से मामले की जांच तेज होगी। जांच कर रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी।

## जमीन नाम न कराने पर विवाहिता को किया प्रताड़ित, पांच पर रिपोर्ट

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव दलेलनगर निवासी लक्ष्मी नारायण ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने बेटी प्रभा का विवाह क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव बहिर जागीर के शिवओम कुमार से एक साल पहले किया था। शादी के दौरान साढ़े सोलह लाख रुपये खर्च किए थे। कुछ समय तक सब कुछ ठीक रहा पर उसके बाद से पति के साथ ही सास, ससुर, नन्दोई और ननद उसकी बेटी को प्रताड़ित करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप है कि इस दौरान ननदोई ने उसकी बेटी पर अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाता था। 27 मई को उससे छेड़खानी करने की कोशिश की, शोर पर पहुंचे आसपास के लोगों ने उसकी बेटी को बचाया तो उसने उसे फोन पर सूचना दी। जब वह रिश्तेदारों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचा तो पंचायत में ससुराल वालों ने कहा कि अपनी सारी संपत्ति बेटे के नाम कर दो। बात न बनने पर वह बेटी को साथ ले आया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले को भेजा जेल

संवाददाता, बहेड़ी

• **मुख्यमंत्री और अधिकारियों के नाम पर दो युवकों से ठगी**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों से संबंध होने की बात कहकर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से ठगी करने वाले को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया।

बिथरी चैनपुर ब्लॉक के गांव मोहनपुर रामनगर निवासी राजीव कुमार ने 18 मार्च को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि बांसबोझ गांव के रहने वाले वीरेंद्र ने सरकारी नौकरी दिलाने के लिए 2.84 लाख रुपये लिए और नौकरी न मिलने पर रकम वापस मांगी गई तो कुछ दिनों तक आरोपी टालमटोल करता रहा पर बाद में धमकाने लगा। इसके अलावा गांव जागनडांडी निवासी महेश पाल ने 31 जनवरी को पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वीरेंद्र के पिता नत्थू लाल ने जमीन खरीदने के लिए पांच लाख रुपये उधार लिए और चेक के माध्यम से रकम लौटाने का भरोसा दिया था। काफी समय तक न लौटाने पर जब तकादा किया गया तो वीरेंद्र ने मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारी से निकटता होने की बात कह कर सरकारी नौकरी लगवा देने का भरोसा दिया। इसके लिए वीरेंद्र ने फोन पर किसी से बात कराई तो उधर से चपरासी के पद पर नौकरी लगवा देने की बात कही। साथ ही कहा कि इसके लिए चार लाख रुपये और देने होंगे। उसने चार लाख रुपये और दे दिए। जब नौकरी नहीं लगी तो उससे रुपये वापस करने को कहा। इस पर आरोपी और उसके पिता ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर कार से कुचलकर मार देने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में पिता पुत्र पर धोखाधड़ी और एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने रविवार को फरार आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## दबंग ने घर में घुसकर पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव माधौपुर की महिला ने नवाबगंज थाने पर दिए शिकायती पत्र बताया कि उसने नवाबगंज के गांव माधौपुर के एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट के मामले में शिकायत की थी, जिसमें पुलिस मौके पर गई थी। इसी को लेकर आरोपी उससे रंजिश मानने लगा और पुलिस के जाने के बाद आरोपी उसके घर में लाठी डंडे लेकर जा घुसे और उसके साथ मारपीट की।

# शादी का झांसा देकर युवती से तीन साल तक किया दुष्कर्म

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर युवती से एक युवक ने तीन साल तक दुष्कर्म कियाअब निकाह करने से मुकर गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हालांकि पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है।एक युवक तीन साल पहले पास के गांव निवासी युवती से जान पहचान हो गई है।आरोप है कि उसने शादी का झांसा देकर तीन साल तक उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर पर रविवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पीड़िता का आरोप है कि युवक उसे शादी करने का झांसा देकर अपने घर में रखकर उसका शोषण किया अब शादी से मुकर रहा हैं। पुलिस ने युवती को मेडिकल के लिए भेजा है।थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच के दौरान युवती का युवक के घर रिश्तेदारी होने के कारण आना जाना तो रहा है। युवक का परिवार ठीकठाक है, इसीलिए दबाव बनाकर युवती निकाह करना चाहती है।

## सार-संक्षेप

### गोवंशीय पशुओं की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा पुलिस ने छह दिन पूर्व गांव पिपरिया रामदयाल में हुए गोवंशीय पशुओं की हत्या का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो आरोपी भागने में सफल हो गए। भोजीपुरा के गांव पिपरिया रामदयाल में 28 मई को तीन संरक्षित पशुओं के अवशेष मिले थे। पुलिस ने अज्ञात मांस तस्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार की रात पुलिस ने घेराबंदी करके अलियार खां निवासी सैदपुर चुन्नी, लाल फिरोज खां निवासी अलीनगर और सरफराज उर्फ़ सौवां निवासी रमपुरा माफी थाना भोजीपुरा को पकड़ लिया। भागने वालों में वसीम निवासी भूड़ा , मोहम्मद शरीफ उर्फ मेहनती निवासी अलीनगर के नाम शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि पकड़े गए मांस तस्करों ने 28, मई को गोवंशीय पशुओं की हत्या क स्वीकार किया है। उनके पास से पशु काटने के औजार बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### तालाब पर अवैध कब्जे की मुख्यमंत्री से शिकायत

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** गांव के तालाब पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल के अलावा उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई। बिशारतगंज थाना क्षेत्र के मालगांव गांव निवासी डालसिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल के साथ ही उच्च अधिकारियों को भेजी गई शिकायत में बताया है कि उनके गांव के तालाब को पाटकर गांव के कुछ लोगों ने मकान बना लिए हैं। तालाब के पास ही उनका एक खेत है गांव के पानी से उनकी काफी फसल खराब हो जाती है, जिसकी शिकायत वह कई बार अधिकारियों से कर चुके हैं जिस पर राजस्व टीम ने मनमाने ढंग से आख्या लगाकर खानापूर्ति की है। 30 मई को जेसीबी लगाकर सिर्फ खानापूरी की गई है, लेकिन अब तक तालाब से लोगों के कब्जे नहीं हटाए गए हैं।

### कैबिनेट मंत्री से की प्रधान की शिकायत

**बरसेर, अमृत विचार :** शहबाजपुर गांव में मनरेगा में काम कराने को लेकर प्रधान और रोजगार सेवक के बीच उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोजगार सेवक ने प्रधान और उसके भाई के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग कर कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह को शिकायत भेजी है। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञान देव ने भेजे पत्रों में बताया कि वह ग्राम अटाफुंदापुर का रहने वाला है और शहबाजपुर गांव में रोजगार सेवक के पद पर तैनात है। शनिवार को वह गांव में मनरेगा के तहत मजदूरों से काम करा रहा था। इसी दौरान ग्राम प्रधान और उनके भाई ने उसे व मजदूरों को गालियां दीं और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। रोजगार सेवक ने कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह को शिकायत भेजकर कार्रवाई कराने की मांग की है।

### मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

**रिठौरा, अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में रविवार को सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की ओर से कक्षा दस और कक्षा बारह के मेधावी छात्र –छात्राओं को मेडल औ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीआर जीनियस इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा दस की सोफिया और कक्षा बारहवीं की मरहबा को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंकित गौर, अंकुर गंगवार, प्रधानाचार्या मौसुमी शर्मा सहित अन्य रहे।

### धर्मकांटे से लाखों की चोरी , जल्द खुलासे की मांग

**भोजीपुरा , अमृत विचार :** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव दोहोरिया समीप नैनीताल हाईवे पर चल रहे बिस्मिल्लाह धर्म कांटे पर शनिवार रात चोरों ने लाखों की नकदी सहित कीमती सामान चोरी कर लिया । धर्म कांटा मालिक मो . आतिफ ने बताया कि वह शनिवार देर शाम धर्म कांटे को बंद करके घर गांव डहिया चले गए थे । रविवार सुबह आकर देखा कि कमरे का ताला टूटा था और अलमारी का सामान फैला हुआ था । उन्होंने बताया उनके खड़े ट्रक से दो बैटरी, जग ,राड आदि सामान ले गए और अलमारी के अंदर लकड़ी ठेकेदारों और मजदूरों को देने के लिए रखा दो लाख पंद्रह सौ रुपये भी चोरी हो गए थे ।चोर वहां रखा मोबाइल और कैमरे का डीबीआर भी चुरा ले गया सूचना पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगत सिंह ने बताया मामला संज्ञान ले लिया गया है मामले का जल्द खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### हिमवीरों ने मनाया 61वां स्थापना दिवस



**कैंट, अमृत विचार :** तृतीय वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ( बुखारा कैम्प) ने शनिवार को विपिन कुमार सेनानी के निर्देशन में 61वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तृतीय वाहिनी कैंप परिसर में भूतपूर्व सैनिक तृतीय वाहिनी एवं क्षेत्रीय मुख्यालय बुखारा कैम्प बरेली के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं हिमवीर जवानों ने भाग लिया गया। कार्यक्रम के आरंभ में किशन चन्द उप सेनानी ने परेड की कमान संभाली गई। तथा विपिन कुमार, सेनानी तृतीय वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा परेड की सलामी ली गई। स्थापना दिवस के इस अवसर पर सेनानी तृतीय वाहिनी द्वारा वाहिनी के समस्त पदाधिकारियों एवं उनके परिवारों को वाहिनी के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रस्साकसी, बोरी दौड़, सुई धागा दौड़ एवं बच्चों के लिए जलेबी दौड़ तथा हिमवीर परिवारों के लिए म्यूजिकल चेयर आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## तेज रफ्तार पिकअप एक्सल टूटने से हाईवे पर पलटी



**हाफिजगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज के उत्तरी तिराहे पर शनिवार देर शाम तेज रफ्तार पिकअप एक्सल टूटने से हाईवे पर पलट गई। हाईवे पर पलटी पिकअप से पीलीभीत की ओर से आ रही कार भिड़ गई। सूचना पर एसएचओ संजय सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वाहनों को हाईवे से हटवाया। जहां पलटी पिकअप वहीं दबवाए अवशेष : देर शाम जहां पर पिकअप पलटी उसी के पास पुलिस ने गोवंशीय पशुओं के अवशेषों को नष्ट कराया जिस पर विहिप जिलाध्यक्ष बाबू राम गंगवार ने प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि एसएचओ कह रहे हैं कि गोवंशीय पशुओं के अवशेष दबाए जाने के दौरान वह वहां नहीं थे , जबकि उन्हें जानकारी मिली कि पुलिस ने दोनों गाड़ियों को हटवाने के लिए जिस जेसीबी को बुलाया था उसी से गोवंशीय पशुओं के अवशेषों को नष्ट कराया गया है। इस दौरान एसएचओ मौके पर थे। वहीं एसएचओ संजय सिंह ने बताया कि पलटे हुए वाहनों को हटवाने के बाद वह वहां से चले गए थे।

## मस्तान शाह मियां का 35वां उर्स कुल की रस्म के साथ संपन्न

**रिठौरा, अमृत विचार :** बरेली –पीलीभीत हाईवे किनारे रिठौरा बाजार में मस्तान शाह मियां की मजार पर 35वां उर्स इतवार को कुल की रस्म अदायगी के साथ संपन्न हो गया। कुल की रस्म मौलाना मुकर्रम रजा, सलीम चिश्ती ने अदा की। दुनिया और मुल्क के मुसलमानों की सलामती की दुआ की। मजार पर मोहम्मद असलम, शिक्षक शाकिर अंसारी, रिसालत खान, बड़े मुन्ने, अबरार समेत तमाम अकीदतमंदों ने चादरपोशी की। लंगर में भारी संख्या में मियां साहब की मुरीदों की भीड़ उमड़ी। इस मौके पर हाजी शाकिर अंसारी, हाजी वारिस अली, हाजी माजिद अली नूरी, नाजिम अंसारी, आशिक अली, इमरान खान, आरिफ अंसारी, नवी अहमद, अली हसन, समेत अन्य मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नाजिर अहमद को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **कदीर अहमद पुत्र श्री खलील अहमद निवासी मो. दर्जी चौक कस्बा व थाना शीशगढ़ तहसील मीरगंज, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नरेन्द्र को उसके गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **बाबूराम पुत्र डल्लू निवासी ग्राम हमीरपुर थाना सीबीगंज जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै दिनांक 29.05.2024 को अपनी माता जी श्रीमती आशा पत्नी श्री उमेश कुमार वैश्य निवासी निकट मंडी समिति बदायूं मौहल्ला बाला जी नगर तहसील बदायूं थाना सिविल लाईन के नाम एक प्लाट के बैनामे प्रतिलिपि संख्या 1819/2024 बिक्रेता श्रीमती मनोरमा सक्सेना क्रेता श्रीमती आशा वही नंबर 01/जिल्द/खंड 12655 पृ. सं. 285/298 पर क्र. सं. 1070 दिनांक 9.02.24 को पंजीकृत किये गए बैनामे की फोटो कॉपी कराने गया था जो मंडी समिति के निकट कही गिर गया और बहुत ढूँढा परंतु प्राप्त नहीं हुआ। **ध्रुव देव गुप्ता मनु पुत्र श्री यू.के. वैश्य नि. निकट मंडी समिति मौ. बाला जी नगर तह. बदायूं थाना सिविल लाईन जिला बदायूं। मो. 9457387101**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# वनों को लेकर उदासीनता से दिल्ली बन जाएगा रेगिस्तान

## दिल्ली में 52.3 डिग्री सेल्सियस तापमान पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में हाल ही में तापमान बढ़कर 52.3 डिग्री सेल्सियस हो जाने पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि वनों की कटाई के प्रति वर्तमान पीढ़ी रुख उदासीन बना रहा, तो राष्ट्रीय राजधानी एक बंजर रेगिस्तान बन जाएगी। दिल्ली के मुंगेशपुर क्षेत्र में बुधवार को अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शहर में सबसे अधिक तापमान है।

न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि इस तथ्य पर न्यायिक संज्ञान लिया गया है कि हाल ही में 30 मई को दिल्ली में आधिकारिक तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगर वर्तमान पीढ़ी वनों की कटाई के प्रति उदासीन दृष्टिकोण अपनाती रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब यह शहर केवल एक बंजर रेगिस्तान बनकर रह जाएगा। उच्च न्यायालय ने इससे पहले अपने पूर्व न्यायाधीश नजमी वजीरी को दिल्ली में वनों के संरक्षण से संबंधित शहर के अधिकारियों की




● मुंगेशपुर क्षेत्र में बुधवार को शहर में सबसे अधिक तापमान होने पर उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी

एक आंतरिक विभागीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था।

उच्च न्यायालय को सूचित किया गया कि वजीरी बुनियादी ढांचे की कमी के कारण अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं। अदालत ने कहा कि यह अदालत ऐसी स्थिति को बर्दाश्त नहीं कर सकती, जहां अध्यक्ष (न्यायमूर्ति वजीरी) कार्यालय स्थान या लिपिकीय और सहायक कर्मचारियों या यहां तक कि परिवहन साधनों की कमी के कारण जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में असमर्थ हों। उच्च न्यायालय ने कहा कि हालांकि, विभाग (वन एवं वन्यजीव) को अलग-अलग क्षमता में कर्मचारी उपलब्ध कराने का निर्देश देने के बजाय, विभाग को मामले को पूरी गंभीरता से आगे बढ़ाने का निर्देश देना उचित समझा गया है कि किसी भी स्थिति में मंजूरी में 15 जून से अधिक देरी नहीं की जाए। अधिवक्ता आर. अरुणाद्रि अय्यर के माध्यम से दायर समिति के अध्यक्ष की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली सरकार को बुनियादी ढांचे, लिपिकीय कर्मियों, सहायक कर्मियों और परिवहन की आवश्यकता के बारे में सूचित किया गया था, जो अध्यक्ष के अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए आवश्यक होगा।

उच्च न्यायालय ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी की ओर से अनुमोदन दिए जाने के बाद, बुनियादी ढांचे का विकास अगले 15 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि सुनवाई की अगली तारीख 29 जुलाई पहले ही तय हो चुकी है, इसलिए उम्मीद है कि अध्यक्ष और समिति की जरूरत की सभी चीजें और आवश्यकताएं उससे पहले ही पूरी तरह से काम करने की स्थिति में होंगी।

## उमस और गर्मी से बेहाल रहे लोग, सात की गई जान

**प्रतापगढ़।** नौतपा के अंतिम दिन भी लाग उमस और गर्मी से लोग बेहाल रहे। इससे 7 लोगों की मौत हो गई। घरवालों के अनुसार इनकी मौत गर्मी से तो प्रशासन ने बीमारी व सामान्य मौत मान रहा है।

इब्राहिमपुर निवासी डेढ़ वर्षीय कुनाल की सांस थम गई। पल्टन बाजार निवासी सरफराज के एक माह के पुत्र को उल्टी दस्त होने पर रविवार दोपहर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी सांस थम गई। कंधई के रतनमई निवासी 88 वर्षीय ढनगू, महेशगंज के निमिहन का पुरवा निवासिनी 65 वर्षीय शांति देवी, जोगापुर की 70 वर्षीय सितारा बानो और नरहरपुर कोहंडौर निवासी 18 वर्षीय मंजीत की रविवार को सांस थम गई। वहीं मथुरा प्रसाद इंटरमीडिएट कालेज चिलबिला में रविवार दोपहर 80 वर्षीय अवधेश यादव निवासी शिवराजपुर अंतू की सांस थम गई। सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने बताया कि हीट वेब से किसी के मरने की सूचना नहीं है।

# पानी के लिए उप्र-हरियाणा को अतिशी ने लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया है कि वे दिल्ली में गहराए जल संकट के मद्देनजर एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ें।

आतिशी ने कहा कि गर्मी से पानी की मांग पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ गई है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी को 31 मई को लिखे पत्र में कहा कि राजधानी में तापमान 50 डिग्री पहुंच गया है और यहां जल संसाधनों के मामले में स्थिति खराब है। मौजूदा संकट से निपटने के लिए हमें हरियाणा से जल्द से जल्द यमुना नदी में अतिरिक्त पानी छोड़े जाने की जरुरत है।



● भाजपा की दिल्ली ईकाई के अध्यक्ष ने आतिशी पर जल संकट के नाम पर राजनीति का आरोप लगाया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में जल मंत्री आतिशी ने भीषण गर्मी की गंभीरता के मद्देनजर मदद करने की जरुरत पर जोर दिया। उन्होंने पत्र में लिखा कि महोदय, इस पत्र के माध्यम से मैं आपसे अपील करना चाहती हूं कि कृपया हमारे अनुरोध पर विचार करें और अगले एक महीने के लिए दिल्ली को अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराएं ताकि इस भीषण गर्मी से राहत मिल सके। आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार और राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले लोगों को आपकी ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली ईकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी पर जल संकट के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की कोई कमी नहीं है क्योंकि हरियाणा और उत्तराखंड दोनों ही दैनिक आधार पर अतिरिक्त पानी दे रहे हैं और इसकी पुष्टि दिल्ली जल बोर्ड के रिकॉर्ड से की जा सकती है। इसी बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने रविवार को दिल्ली सरकार के इस आरोप को खारिज कर दिया कि उनका राज्य दिल्ली को उनके हिस्से का पानी नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार राजधानी को तय मात्रा से अधिक पानी छोड़ रही है।

## अपहरण के बाद डेढ़ वर्षीया बच्ची की हत्या

फिरोजाबाद, एजेंसी

फिरोजाबाद जनपद के थाना शिकोहाबाद में दो दिन से लापता डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची का शव रविवार को नाली में मिला, जिसकी निर्ममता से हत्या की गई है।

एसपी ग्रामीण रण विजय सिंह ने बताया है कि थाना प्रभारी शिकोहाबाद अनिल सिंह को शुक्रवार शाम मीरा कटरा के आकिब और मुस्कान ने अपनी बेटी महक के लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति जो बच्ची को ले जाते देखा गया वह आकिव का बहनोई गुलफाम बताया गया। पुलिस ने शनिवार को गुलफाम से पूछताछ की किंतु उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। गुलफाम ने अपनी पत्नी का भी नाम लेते हुए उसे बच्ची की जानकारी की बात कही पुलिस ने उससे भी पूछताछ की है। रविवार सुबह पंजाबी कॉलोनी की नाली में बच्ची का क्षत विक्षित शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया, जिसकी पहचान डेढ़ वर्षीय महक के रूप में की गई है। जानकारी अनुसार बच्ची का शव कंधे और कान पर कटा हुआ है। मासूम बच्ची का प्रयोग किसी तांत्रिक प्रक्रिया में किया गया है।

## 22 घंटे के बाद रवाना हुई एयर इंडिया की उड़ान

**मुंबई।** एयर इंडिया की वैंकूवर को 1 जून को जाने वाला विमान आखिरकार रविवार सुबह 22 घंटे की देरी के बाद 3.15 बजे रवाना हुआ। विमान शनिवार सुबह 5.30 बजे उड़ान भरने वाली थी, लेकिन तकनीकी समस्या से इसे पुनर्निर्धारित करना पड़ा। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने शनिवार को बयान में कहा कि एआई 185 की उड़ान में तकनीकी मसले के कारण और बाद में चालक दल के अनिवार्य उड़ान ड्यूटी समयसीमा के तहत आने के कारण देरी हुई।

## संदेशखालि में तनाव, निषेधाज्ञा लागू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि इलाके में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब पुलिस और आरएएफ एक व्यक्ति की तलाश कर रही थी, जिसे कथित रूप से आंदोलनकारी महिलाओं के एक समूह ने पुलिस वैन से उतार लिया था। अंतिम चरण के मतदान के दौरान शनिवार को छिटपुट हिंसा का सामना करने वाले संदेशखालि में रविवार दोपहर को एक बार फिर उबाल आ गया जब राज्य पुलिस बल ने अग्रहटी मंडल पारा में छापेमारी की और वह साधन नंदी को शनिवार की हिंसा में पूछताछ के लिए राजबाड़ी पुलिस शिविर ले जाने के लिए उनके घर पहुंची थी। शनिवार को पुलिस और ग्रामीणों में झड़पें हुई, जिसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हुए।

# बरेली देहात/आसपास

## एक नजर

### तय जमीन के स्थान पर करा दिया दूसरी का बैनामा

**आंवला, अमृत विचार :** एक विधवा ने जमीन विक्रेता पर तय की गई जमीन के स्थान पर दूसरी जमीन का बैनामा करने का आरोप लगाकर एसडीएम से शिकायत की है। बचेरा गांव निवासी चंद्रकली ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उसने गांव के ही एक व्यक्ति से 13 दिसंबर 2023 को एक जमीन खरीदी थी। उसने आरोप लगाया कि विक्रेता ने लेखक से मिलकर धोखे से तय जमीन के स्थान पर दूसरी जमीन का बैनामा करा दिया। पीड़िता ने आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की हैं।

### महिला से छेड़खानी करने वाले पर रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार :** खेत गई महिला से एक दबंग ने छेड़खानी पिछले दिनों की थी, पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार को आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज करा ली। पीड़िता ने बताया कि वह 14 मई को खेत में टमाटर लेने गई थी तभी पहले से घात लगाए बैठे गांव के युवक ने उसे पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा, इसी दौरान उसने जेठानी को आवाज दी तो वह उसे बचाने आई। आरोपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### पड़ोसी के घर ईंटे मारने पर चार लोगों पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** पड़ोसी के घर में ईंटें मारने से एक महिला चोटिल हो गई। महिला के पति ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। घुंसी गांव निवासी साबुददीन ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार दोपहर करीब 3 बजे वह और उसकी पत्नी नत्थो घर में थे। इसी दौरान पड़ोस के अन्जुम, मुस्कान, नरगिस, तानिया अपने घर से ईंटें मारी। जिससे उसकी पत्नी चोटिल हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### जंगली जानवर के हमले से बच्ची घायल

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बिशारतगंज थाना क्षेत्र के डकोरा गांव की रहने वाली 10 वर्षीय कामिनी जंगली जानवर के हमले से घायल हो गई। उसके चाचा खेमकरण ने बताया कि शनिवार देर शाम गांव से खेत की तरफ बच्चों के वह साथ घूमने जा रही थी, रास्ते में जंगली जानवर ने उस हमला कर दिया, उसके साथ जा रहे बच्चों ने घर आकर जानकारी दी। परिवार के लोग जब पहुंचे ने वह बेहोश खून से लथ-पथ सड़क पर पड़ी थी। उसे एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया।

### देवर से किया पुर्नविवाह के बाद मांग रहे दहेज

**नवाबगंज, अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर के खटीमा के प्रतापपुर की नानक सागर कॉलोनी की दुर्गादेवी ने नवाबगंज थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति की तीन साल पहले मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद उसने देवर से पुर्नविवाह किया था। ननद उसे आए दिन दहेज लाने को लेकर प्रताड़ित करने के साथ ही मारपीट करती हैं। पति उसे खाना खर्च भी नहीं देता है जिसके चलते वह नवाबगंज में ढाई साल के बेटे के साथ रह रही है। आरोप है कि रविवार को उसका पति नवाबगंज आया और उसे जबरन अपने साथ ले जाने लगा। जब उसने जाने से मना किया तो उसके ढाई साल के बच्चे को लेकर भाग गया।

## आंधी-पानी में चरमराई बिजली व्यवस्था

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार :** क्षेत्र में शनिवार देर शाम आई आंधी बारिश से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। रिछा, देवरनियां, बहेड़ी, पचपेड़ा और फरीदपुर देहात क्षेत्र की बिजली व्यवस्था खराब हो गई है। क्षेत्र के कई सौ गांव अंधेरे में डूब गए हैं।

दिन भर बिजली कर्मचारी व्यवस्था ठीक करने में लगे रहे। कई फीडरों की देर शाम तक बिजली सुचारू रूप से चालू नहीं हो सकी। जेई नीरज कुमार ने बताया कि पचपेड़ा के दो फीडर चालू हो गए हैं, एक को चालू करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने नगर पंचायत फरीदपुर के सब स्टेशन के देहात फीडर की सप्लाई देर रात तक चालू होने की उन्होंने संभावना जताई। विकास खंड दमखोदा के प्रधान संघ के अध्यक्ष डोरी लाल गंगवार ने अवर अभियंता सब स्टेशन रिछा को पत्र लिखकर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था जल्दी ठीक करने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि उनके फीडर मुंडिया नबी बख्श से बिजली सप्लाई नहीं हो पा रही है। जेई रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि आंधी तूफान से क्षेत्र के 60 से 65 पोल गिर गए हैं। जिन्हें ठीक करने में थोड़ा वक्त लगेगा एस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है, लाखों का नुकसान हुआ है। कर्मचारी व्यवस्था ठीक करने में लगातार लगे हुए हैं। जल्द ही पोल लगवाकर बिजली व्यवस्था चालू कर दी जाएगी।

### बहेड़ी में देर शाम तक नहीं शुरू हो सकी सप्लाई

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मौसम में हुए बदलाव से शनिवार रात बारिश के साथ आई आंधी से बहेड़ी में कई स्थानों पर बिजली के पोल गिर गए और जगह-जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित रहा। तारों पर पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था चौपट हो गई। इसके कारण लोगों को सारी रात गर्मी झेलते हुए अंधेरे में गुजारनी पड़ी।



बिजली कर्मचारी रात भर फॉल्ट तलाशने में जुटे तब कहीं कुछ मोहल्लों में सुबह तक बिजली आपूर्ति की जा सकी। पूरी तरह कमियों को दूर कर पाने में रविवार को तीसरे पहर तक कर्मचारियों को जूझना पड़ा। हाईवे पर गांव डांडी अभयचंद के पास सड़क पर कई पेड़ों के गिरने से यातायात प्रभावित हुआ, जैसे तैसे रास्ता साफ किए जाने के बाद घंटों की मशक्कत से लोग अपने ठिकाने की ओर जा सके।

## नाला सफाई में आड़े आया नाले पर पड़ा लिंटर

संवाददाता, नवाबगंज

● लिंटर न हटाने पर सफाई कर्मियों और व्यवसाई में हुई नोकझोंक

**अमृत विचार :** नगर परिषद की ओर से इन दिनों बरसात को देखते हुए नाला सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। सफाई कर्मियों की टीम रविवार को बाईपास मार्ग पर नाला सफाई में जुटी तो एक साड़ी शोरूम के सामने नाले पर पड़े बड़े लिंटर के कारण सफाई कार्य में अड़चन आ गई। सफाई कर्मियों के नाले का लिंटर हटाने पर साड़ी शोरूम के मालिक नाराज हो गए।

नोकझोंक के बाद सफाई कर्मियों ने काम बंद कर दिया और व्यापारी पर अभद्र व्यवहार और जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर व्यापारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई करने की मांग की। रिपोर्ट दर्ज न होने पर सफाई कार्य पूरी तरह बंद करने की चेतावनी दी है। वहीं शोरूम मालिक ने सारे आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि लिंटर के नीचे घुसकर भी नाले की सफाई की जा सकती थी, यदि इसे मुद्दा बनाकर सफाई कर्मी हड़ताल करते हैं तो व्यापारी भी जवाब देने के लिए लामबंद होने पर विवश होंगे। पुलिस ने इसे सामान्य घटना बताते हुए मामले में प्रशासनिक अधिकारियों से आदेश कराने की सलाह सफाई कर्मियों को दी है, जबकि सफाई कर्मी भी अपनी जिद पर अड़े हुए हैं और उन्होंने व्यवसायी पर अपने स्तर से सफाई न कराने पर हड़ताल करने की घोषणा की है। इस मामले में ईओ से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया, उनका कोई जवाब नहीं मिल सका।

## महिला से दुष्कर्म कर बनाई अश्लील वीडियो

● पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ करने का आरोप

● सुनवाई न होने पर पीड़िता ने एसएसपी से की शिकायत

**सीबीगंज, अमृत विचार :** एक युवक ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी के मामा ने महिला की अश्लील वीडियो बना ली। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों से साठगांठ कर महिला को गुमराह कर समझौते के कागजात पर हस्ताक्षर करा लिए। महिला ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के भांजे का घर पर आना-जाना था। आरोप है कि 24 अक्टूबर 2023 को वह मामा के साथ उसके घर पर आया। उस दौरान वह घर पर अकेली थी। इस दौरान उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही आरोपी के मामा ने उसका वीडियो बना लिया। आरोप है कि वह तीन माह की गर्भवती है। इस बीच आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसे घर बुलाया और गर्भपात करने का दबाव बनाया। ऐसा न करने पर उसके साथ मारपीट की। उसने 18 अप्रैल को थाने में शिकायत की।

आरोप है कि एक मई को उसे तिलियापुर में एक युवती के घर ले जाया गया। वहां थाने में तैनात एक दरोगा मौजूद था। वहां युवती और दरोगा ने आरोपी पक्ष से साठगांठ कर रिपोर्ट न लिखने के नाम पर मोटी रकम ली। वहां कागजों पर उससे हस्ताक्षर करा लिए गए। वह दो दिन बाद थाने में एफआईआर की कापी लेने गई तो पता चला कि मामले में समझौता हो गया है। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हुआ था। दूसरे पक्ष की ओर से समझौते में दो लाख तीस हजार रुपये महिला को दिए गए थे। महिला मामले को लेकर कोर्ट में चली गई है।

## एक साथ उठीं पांच अर्थियां तो आंख से निकले आंसू



मृतक के घर के बाहर अंतिम संस्कार के बाद बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

● शनिवार दोपहर कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव पैगा भीकमपुर में हादसे में चार की हुई थी मौत

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पैगा भीकमपुर में एक साथ पांच शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। कोई पिता के शव को पकड़कर रो रहा था, तो कोई पति के शव के पास बैठकर विलाप कर रहा था, कहीं पिता बेटे के गम में बेसुध था। ढांढस बंधाने पहुंचे लोगों की हिम्मत भी जवाब दे गई और लोग खुद के आंसू भी नहीं रोक सके। ऐसा लग रहा था कि पूरे गांव की हर गली में मातम पसरा है। हालात ऐसे थे कि पत्थर दिल इंसान भी सिसकने के लिए मजबूर हो गया। पूरे गांव में किसी के घर पर चूल्हा नहीं जला।

जब पांचों लोगों की अर्थियां उठी तो गांव में चीत्कार मच गया। शमशान स्थल पर एक साथ पांचों चिताएं को जब मृतकों के परिजनों ने मुखाग्नि दी तो वहां मौजूद पूरा माहौल मातम ओर सिसकियों में बदल गया।

शनिवार को पैगा भीकमपुर गांव में पीपल की छांव में बैठे छह लोगों को तेज गति से आई पिकअप ने टक्कर मार दी थी। मौके पर ही रामप्रकाश, ज्ञानचंद्र, धनपाल, और ब्रह्मपाल ने दम तोड़ दिया था। जबकि इलाज के दौरान रविवार को घायल नेत्रपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं रामवीर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। रविवार को करीब तीन बजे पांचों शव जब एक साथ गांव पहुंचे तो वहां चीत्कार मच गया। पूरा गांव में मातम पसरा गया। कोई पिता के शव को पकड़कर रो रहा था, तो कोई पति के शव के पास बैठकर विलाप कर रही थी। वहीं कोई बेटे के खोने के गम में बेसुध था। ऐसा मंजर देखकर वहां पहुंचे लोग भी अपने आंसू नहीं रोक सके। परिजनों को रोता देख कुछ लोगों ने ढांढस बंधाने का साहस किया, लेकिन ढांढस बंधाते बंधाते उनके भी आंसों निकलने लगते।

## हिस्ट्रीशीटर की एक करोड़ की संपत्ति जब्त

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● डीएम के आदेश पर कार्रवाई कर सौंपी गई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** जिले की सहावर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर की एक करोड़ 170 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस ने जब्तीकरण की कार्रवाई के बाद अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दे दी है।

यह मामला सहावर थाना से जुड़ा है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक की निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए की जा रही कार्रवाई की जा रही है। अपहरण, जानलेवा हमला, हत्या का प्रयास जबरन वसूली जैसे गंभीर अपराधों के आरोपी हिस्ट्रीशीटर एवं आजीवन कारावास के आरोपी गांव प्रतापपुर निवासी संजय की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस ने डीएम को रिपोर्ट दी कि आरोपी संगठित गिरोह संचालित कर अपने आर्थिक, भौतिक एवं बुनियादी लाभ प्राप्त करने के लिए अवैध तरीके से धन अर्जित कर रहा है। इसने चल अचल संपत्ति अर्जित कर ली है। डीएम ने मामले में संज्ञान लिया। पूरा पक्ष समझा और संपत्ति जब्त करने के आदेश जारी कर दिए। उसके उसके बाद सहावर एसडीएम कमल पवार, सीओ शाहिद नसरीन ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर संपत्ति जब्त की है। एक करोड़ 17 लख रुपए की संपत्ति को जब्त किया गया है और उसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी गई है। आरोपी के विरुद्ध 17 मामले अलग-अलग धाराओं में दर्ज हैं। वह सजायायाफ्ता भी है।

**इंस्पेक्टर ने सौंपी रिपोर्ट:** मामले में सहावर के प्रभारी निरीक्षक लोकेश भाटी ने आरोपी संजय के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की थी। इसकी विवेचना अमांपुर के इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ को दी गई थी। अमापुर इंस्पेक्टर ने अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी। इसके बाद यह कार्रवाई हुई है।

## शौच को गई बालिका से तमंचे के बल पर किया सामूहिक दुष्कर्म

**बदायूं, अमृत विचार :** तमंचे के बल पर एक युवक ने शौच को गई बालिका का अपहरण करके दुष्कर्म किया। दो अन्य युवकों ने आरोपी का साथ दिया। बेटी के घर पर न मिलने पर परिजनों ने तलाश की। पड़ोस में रहने वाले युवक के घर में एक आरोपी बालिका के साथ दुष्कर्म करता मिला। परिजनों को देखकर आरोपी भाग गया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह महीने पहले उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। उनकी दो बेटियां रिश्तेदार के यहां रहती हैं। घर पर उनकी 12 साल की बेटी, 10 साल का बेटा व 80 साल के पिता रहते हैं। घर के पास दिलशाद, शबाब, नदीम रहते हैं, जो उनकी बेटी पर आते-जाते गलत नजर रखते हैं। 29 मई को मक्का की रखवाली करने के बाद रात 12 बजे जब वह घर पहुंचे तो उनकी 12 वर्षीया बेटी नहीं मिली। पड़ोसी और मौसेरे भाई की मदद से बेटी को तलाश किया।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**आंवला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से नगर के एक निजी स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हो गया। शिविर के अंतिम दिन मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय महामंत्री ईश्वरी प्रसाद गंगवार ने कहा कि संगठन सुरक्षित हिन्दू, समृद्ध हिन्दू, सम्मान युक्त हिन्दू बनाने के पथ पर कार्य कर रहा है। शिविर वर्गाधिकारी एवं प्रांत महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि हम अपने गांव, नगर, वार्ड के मंदिर में सप्ताह में एक बार सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करके हिंदू समाज को जागरूक करने का काम करना होगा। इस दौरान अर्पित भामाशाह, अनुपम शंखधार, हिमांशु सोलंकी, राहुल मिश्रा, ललित सिंह, रौनक ठाकुर, हरेंद्र सिंह, शुभम शर्मा समेत अन्य रहे।

### महिलाओं से पर्स छिनने की कोशिश

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बाइक सवार बदमाशों ने महिलाओं से पर्स छिनने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे, पर कोई सुराग नहीं लगा। गांव बेहटा बुजुर्ग निवासी दिलशाद ने बताया कि रविवार दोपहर उनकी मां और भाभी बरेली से आ रही थी। फाटक पर उतरकर उन्होंने सूचना दी कि वह पश्चिमी फाटक पर पहुंच गई, इसके बाद वह उन्हें लेने साइकिल से गया। दिलशाद साइकिल से पीछे-पीछे चल रहा था, उसकी मां और भाभी गांव की ओर पैदल जा रही थी। पेट्रोल पंप से कुछ पहले बाइक सवार दो लोग आए और उसकी मां के पर्स पर झपट्टा मारा, जिससे वह गिर गई। आरोपी वहां से फरार हो गए। उसने डायल 112 को फोन किया किंतु संपर्क नहीं हो सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के कैमरे चेक किए किंतु सफलता नहीं मिली।

### तूदे उखाड़ने को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे

**मीरगंज, अमृत विचार :** खेत की नापजोख के बाद गड़े तूदे उखाड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जितेंद्र सिंह निवासी ग्राम परोरा ने बताया कि उसके खेत की तूदे बंदी के पक्के तूदे कानूनगो और एसडीएम के आदेश पर लगाए गए थे। जिसे दूसरे पक्ष ने उखाड़ दिए। जब उसने विरोध किया तो आरोपी लाठी-डंडे, तलवार और तमंचा लेकर आ गए और जान से मारने की नीयत से मारपीट की, वहीं औरतों ने भी गाली गलौज की। पीड़ित ने जान का खतरा देखते हुए आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दुर्गा प्रसाद, अजहर अली, मुरसत अली और छोटेलाल निवासी ग्राम परोरा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### परिजनों की डांट से नाराज युवक ने की खुदकुशी

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** मां-बाप के डांटने से नाराज युवक ने पेड़ से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। सैदुपुर लस्करीगंज निवासी करन (22) पुत्र वीरू गांव में ही रहकर मजदूरी करता था। रविवार दोपहर किसी बात को लेकर उसको मां-बाप ने डांट दिया, जिसके बाद वह खाना खाकर घर से बाहर चला गया। शाम करीब पांच बजे पड़ोसी गांव धारुपुर ठाकुरान के सोनपाल ने परिजनों को सूचना दी कि उनके खेत में एक शव पेड़ से लटका हुआ है। जिसके बाद परिजनों ने जाकर देखा तो वह करन का शव था। परिजनों ने कोई रंजिश होने से साफ इनकार किया है। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### करंट से पिता-पुत्र समेत तीन झुलसे, दो की मौत

**एटा, अमृत विचार :** जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर करंट लगने से पिता-पुत्र समेत तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत नाजुक है। इसमें एक हादसा कोतवाली देहात और दूसरा जसरथपुर इलाके में हुआ। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव सैलार निवासी संजय कुमार ने बताया कि रविवार दोपहर उसकी पत्नी राजकुमारी (45) घर में पशुओं के पास जा रही थी। वहीं रास्ते में लगे बिजली के पोल में लगे अर्थिंग के तार में करंट आ रहा था। नजदीक से गुजरते समय किसी तरह राजकुमारी का हाथ अर्थिंग वाले तार से छू गया, जिससे करंट लगने पर वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। वहां मौजूद लोगों ने दौड़ कर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन महिला को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पति संजय कुमार ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। जसरथपुर थाना क्षेत्र के गांव बिजलई निवासी दिनेश चन्द्र (35) व उसके पिता जोगराज रविवार सुबह आठ बजे अपनी भैंस को लेकर जा रहे थे। गांव में टूटे पड़े बिजली के तार को देख भैंस भड़क गई और दिनेश को घसीटते हुए दौड़ गई।

### सांड़ से बाइक टकराई, चार लोग घायल

**पुवायां, अमृत विचार :** रोड पर अचानक छुट्टा पशु आ जाने से बाइक उनसे टकरा गई। जिससे चार लोग घायल हो गए। चारों लोग बुझिया गांव के वेद प्रकाश के भतीजे के पुत्र के नामकरण संस्कार में शुक्रवार को शामिल होने आए थे। बहादुरपुर बुजुर्ग गांव के शुभम (21), थाना सिंधौली के गांव पटई निवासी राम गोपाल (28), भटपुरा रसूलपुर के विनोद (20) और बुझिया सचिन (25) बाइक से किसी काम से पुवायां शनिवार की रात आए थे। जिसके बाद वह वापस गांव जा रहे थे। बंडा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास आवारा पशु मोटरसाइकिल के सामने आ गए। जिससे टक्कर हो गई और चारों लोग घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उपचार किया।

